कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
दीपावली की हार्दिक बधाई
रांची | 20 अक्टूबर, 2025, सोमवार, वर्ष 11, अंक 03, कार्तिक, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी, संवत 2082, पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

# देश भर में दीपावली की धूम

पूरे देश में दीपावली की धूम मची हुई है। महानगरों से लेकर गांवों तक खुशियों और रोशनी के इस त्योहार की धूम देखने को मिल रही है। रविवार को छोटी दिवाली मनायी गयी और कल यानी 20 अक्टूबर को बड़ी दिवाली मनायी जायेगी। बाजारों में लोग खरीदारी करने में जुटे हैं। इसके चलते लंबा जाम और भारी भीड़ देखने को मिल रही है।

# 29 लाख दीयों से जगमगायी अयोध्या



● रामनगरी पहुंचे प्रभु श्रीराम, हुआ स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

**अयोध्या।** प्रभु राजा राम अयोध्या पहुंच गये। उनके आगमन पर पूरी अयोध्या रोशनी से नहा उठी। दीपोत्सव पर अयोध्या के नाम दो विश्व कीर्तिमान दर्ज हुए। पहले में राम की पैड़ी के 56 घाटों पर 26.11 लाख दीये जलाये गये। ड्रोन से दीपों की गणना के बाद गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड की ओर से स्वप्निल दंगारीकर और कंसल्टेंट निश्चल बरोट ने नये कीर्तिमान की घोषणा की। यह लगातार नौवीं बार विश्व रिकॉर्ड बना है। सीएम योगी आदित्यनाथ, प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य इस अद्भुत और अविस्मरणीय क्षण के साक्षी बने। वहीं दूसरा रिकॉर्ड सरयू आरती का रहा, जिसमें एक साथ 2100 वेदाचार्यों ने हिस्सा लिया। यह अनूठा रिकॉर्ड योगी सरकार ने दूसरी बार हासिल किया है। दीपोत्सव के इस दुर्लभ दृश्य को देखने के लिए देश के कोने-कोने से लोग उमड़े। बड़ी संख्या में लोग यहां मौजूद रहे। दीपोत्सव के बाद यहां भव्य आतिशबाजी और ड्रोन शो हुआ। गिनीज बुक की 75 सदस्यीय गणना टीम ने शनिवार को सरयू के 56 घाटों के दीये की गणना विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षक, घाट प्रभारी, समन्वयक और गणना वॉलंटियर की मौजूदगी में की। दीये जलाने से पहले घाट पर तेल न गिरे, इसका विशेष ध्यान रखा गया।

## शुभ मुहूर्त: शाम 7:12 बजे से 9:08 बजे तक

## सीएम योगी ने किया श्री राम का राजतिलक

इसके पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रामकथा पार्क के मंच पर श्रीराम का राजतिलक किया। श्रीराम राज्याभिषेक समारोह के दौरान रामकथा पार्क 'जय श्रीराम' के उद्घोष से गूंज उठा। सीएम योगी ने श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न और गुरु वशिष्ठ का भी तिलक कर माल्यार्पण किया और आरती उतारी। प्रदेश सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जयवीर सिंह, राकेश सचान और सतीश शर्मा ने भी आरती उतारी। राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय समेत रामनगरी के संत महंतों ने भगवान के स्वरूपों की आरती उतारी। रामकथा पार्क में आयोजित समारोह में हजारों की संख्या में संत, महंत, श्रद्धालु और पर्यटक राज्याभिषेक समारोह का हिस्सा बने।

## जहां कभी रामभक्तों पर गोलियां चली थीं, वहां हमने दीप जलाये: योगी

इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि अब अयोध्या विकास और विरासत का प्रतीक बन चुकी है। जहां कभी गोलियां चली थीं, वहां अब दीप जल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब दुनिया भर के सनातन धर्मावलंबी अयोध्या आ रहे हैं। भारत के अलग-अलग कोनों से लोग रामलला का दर्शन करने आ रहे हैं। आज अयोध्या में विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण किया गया। हम नहीं भूल सकते हैं कि कांग्रेस ने कहा था कि राम तो हैं ही नहीं। राम तो मिथक हैं। उन्होंने सपा पर हमला करते हुए कहा कि राम मंदिर आंदोलन के दौरान समाजवादी पार्टी के लोगों ने राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान रामभक्तों पर गोलियां चलवायी थीं।




# उद्योगपति रामचंद्र रुंगटा का निधन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्य के प्रख्यात उद्योगपति रामचंद्र रुंगटा का निधन हो गया है। वह लंबे समय से गले के कैंसर से पीड़ित थे और इलाज के क्रम में रविवार 19 अक्टूबर को मुंबई में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनका इलाज दिल्ली में चल रहा था। स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मुंबई ले जाया गया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से रांची, रामगढ़ समेत पूरे झारखंड के उद्योग जगत में शोक की लहर दौड़ गयी है। उनके पार्थिव शरीर को रविवार को ही बनारस लाया गया और वहां अंत्येष्टि की गयी। अन्य सारे क्रिया कर्म उनके रांची स्थित आवास पर संपन्न होंगे।

## शुभकामनाएं

आजाद सिपाही के पाठकों, विज्ञापनदाताओं, हॉकर बंधुओं, एजेंटों, शुभचिंतको, समेत तमाम झारखंड वासियों को ज्योति पर्व दीपावली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं।

- प्रबंधक

## अवकाश की सूचना

दीपावली के शुभ अवसर पर आजाद सिपाही कार्यालय में 20 अक्टूबर 2025 (सोमवार) को अवकाश रहेगा। अतः समाचार पत्र का अगला अंक 22 अक्टूबर 2025 (बुधवार) को प्रकाशित होगा।

- प्रबंधक















आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 20 अक्टूबर, 2025
www.azadsipahi.in


# दिवाली और सोहराय के चलते चुनाव प्रचार धीमा

## त्योहार की खुशियां दोगुना करने के लिए गांव-गांव व्यवस्था पहुंचाने में लगे हैं दोनों दलों के नेता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** दीपावली एवं सोहराय के कारण घाटशिला विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव को लेकर शुरू हुई गहमा- गहमी 22-23 अक्टूबर तक थमी रहेगी। क्षेत्र के लोग त्योहार मनाने में व्यस्त हैं। यह बात अलग है कि चुनावी सरगर्मी भले ही ऊपरी तौर पर नहीं दिखलाई पड़ रही है, किंतु




दोनों पार्टियों के नेता क्षेत्र में घुम -घूम कर मतदाताओं के त्योहार की खुशियों को दुगुना बनाने के ख्याल से व्यवस्था पहुंचाने में लगे हुए हैं। कुल मिला कर कहा जा सकता है कि उपचुनाव के चलते इस बार की दिवाली और सोहराय घाटशिला विधानसभा क्षेत्र वासी दोगुने उत्साह से मनायेंगे।

# जेएलकेएम से झामुमो-भाजपा को कितना फायदा-कितना नुकसान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव में झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) भी चुनावी मैदान में है। जेएलकेएम द्वारा उम्मीदवार उतारे जाने की घोषणा के बाद इस बात को लेकर अब नये सिरे से चर्चा शुरू हो चुकी है कि इसका ज्यादा नुकसान दोनों प्रमुख पार्टियों के प्रत्याशियों में से किसे झेलना पड़ेगा - झामुमो या भाजपा को। कुछ राजनीतिक विश्लेषक दावा कर रहे हैं कि जेएलकेएम उम्मीदवार रामदास मुर्मू पार्टी सुप्रीमो विधायक जयराम महतो के प्रभाव के चलते कुड़मी वोट ज्यादा प्राप्त करेंगे, तो कुछ का मानना है कि रामदास मुर्मू कुड़मी के मुकाबले आदिवासी वोट ज्यादा हासिल करेंगे। यदि कुड़मी वोटरों का झुकाव जेएलकेएम की ओर होगा, तो भाजपा प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन को नुकसान उठाना पड़ेगा और यदि आदिवासी वोटरों का झुकाव अधिक होगा, तब झामुमो उम्मीदवार सोमेश चंद्र सोरेन को घाटा सहना पड़ सकता है। बता दें कि पिछले चुनाव में जेएलकेएम प्रत्याशी को 8093 वोट मिले थे। इसमें 6 हजार से ज्यादा वोट कुड़मियों का और लगभग डेढ़ हजार वोट आदिवासी मतदाताओं का शामिल था। यानी 2024 के चुनाव में झामुमो और भाजपा दोनों ही दलों के प्रत्याशियों को कमोवेश नुकसान झेलना पड़ा था। इस बार आदिवासी का दर्जा की मांग में तेजी से कुड़मी एवं आदिवासी समाज में कुछ ज्यादा ही कटुता बढ़ी है। ऐसे में कहा तो यही जा रहा है कि कुड़मी और आदिवासी वोटर दो अलग -अलग ध्रुव में बंट गए हैं। अब यह देखना है कि इस विवाद का फायदा किसको कितना मिलेगा और नुकसान किसको कितना उठाना पड़ेगा।

# इंडिया या एनडीए, किधर का रुख करेंगे बलमुचू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और घाटशिला विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीन बार विधायक रहे प्रदीप कुमार बलमुचू को लेकर भी तरह - तरह की बातें राजनीति में रूचि रखने वाले लोग करने लगे हैं। कोई कह रहा कि ब्लमुचू खुद इंटरेस्टेड थे इस बार कांग्रेस /गठबंधन प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने के लिये। लेकिन जब पार्टी नेतृत्व ने झामुमो को समर्थन देने की घोषणा कर दिया तब से बलमुचू नाराज चलने लगे हैं। 17 अक्टूबर को महागठबंधन प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के नामांकन सभा में भी बलमुचू शामिल नहीं हुये थे। जबकि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के नव मनोनीत अध्यक्ष



परविंदर सिंह, पूर्व अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, विजय खां, नट्टू झा आदि नामांकन में मौजूद थे। अब इस बात को लेकर भी चर्चा होने लगी है कि प्रदीप बलमुचू और उनके समर्थक इस उपचुनाव में किसके पक्ष में अपना रुख अख्तियार करेंगे?

## आजसू का घाटशिला में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

# घाटशिला में एनडीए प्रत्याशी की जीत तय : सुदेश महतो

### ■ एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन भी पहुंचे

### ■ आजसू ने संघर्ष किया, भाजपा ने दिया झारखंड : बाबूलाल सोरेन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाटशिला।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि घाटशिला की जनता बदलाव चाहती है और ठगबंधन की सरकार से मुक्ति चाहती है। उन्होंने घाटशिला टाउन हॉल में आजसू के विधानसभा स्तरीय बूथ सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन की जीत सुनिश्चित है। सम्मेलन में प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन भी उपस्थित थे। महतो ने कहा कि हेमंत सरकार ने विगत 6 वर्षों में बालूझकोयला की लूट और भ्रष्टाचार को प्रश्रय दिया है, जिससे जनता ठगा महसूस कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड की जनता को सवाल पूछने का भी अधिकार नहीं क्योंकि यहां लोकतंत्र नहीं राजतंत्र चल रहा है। इस कारण सूचना आयोग को निष्क्रिय कर दिया गया है। महतो ने कहा कि इस उपचुनाव में जनता वोट के माध्यम से हेमंत सरकार को जवाब देगी। उन्होंने कहा कि राज्य विकास में पीछे छूट गया है। यह सामाजिक समरसता को खराब करने वाली सरकार है। महतो ने कहा कि एनडीए जीतेगा तो राज्य में अवैध वसूली बंद होगी। एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन ने कहा कि आजसू की झारखंड निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका है।

सुदेश महतो तथा अन्य आजसू नेता झारखंड आंदोलनकारी रहे हैं। उन्होंने कहा कि आजसू ने संघर्ष किया और भाजपा ने अलग राज्य दिया। सोरेन ने कहा कि महागठबंधन प्रत्याशी को हराकर घाटशिला की जनता इतिहास रचेगी।

पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा कि आजसू कार्यकर्ता गांवझगांव जाकर लोगों को जागरूक करें और एनडीए प्रत्याशी बाबूलाल सोरेन के पक्ष में माहौल तैयार करें। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को झामुमो ने अपमानित किया। सम्मेलन को केंद्रीय उपाध्यक्ष प्रवीण प्रभाकर, हसन अंसारी, महासचिव हरेलाल महतो, भाजपा नेता अभय सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष चंडी चरण साव, आजसू जिलाध्यक्ष कन्हैया सिंह, सत्यनारायण बेसरा, सुधारानी बेसरा संजय सिंह, मुसाबनी प्रखंड प्रमुख रामदेव हेंब्रम, राजू कर्मकार, सुखलाल हेंब्रम आदि ने भी संबोधित किया। संचालन प्रवीण प्रसाद ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन बुद्धेश्वर मुर्मू ने किया।

# मोदी 24 अक्टूबर से बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार का करेंगे आगाज, कर्पूरी ठाकुर के गांव से शुरुआत

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 अक्टूबर से बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने बताया कि पीएम मोदी अपने प्रचार अभियान की शुरूआत जननायक भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर के गांव कर्पूरीग्राम से करेंगे, जहां वे उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद समस्तीपुर में उनकी पहली चुनावी जनसभा होगी।

उसी दिन प्रधानमंत्री बेगूसराय



में भी चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। डॉ. जायसवाल ने बताया कि इसके बाद 30 अक्टूबर को पीएम मोदी मुजफ्फरपुर और छपरा में रैलियों को संबोधित करेंगे। आने वाले दिनों में उनका बिहार दौरा लगातार जारी रहेगा।

डॉ. जायसवाल ने विपक्षी महागठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि उसमें सीट बंटवारे को लेकर सिर फुटव्वल मचा हुआ है, जबकि एनडीए के पांचों पांडव एकजुट होकर सौहार्दपूर्ण तरीके से चुनावी मैदान में उतर चुके हैं। उन्होंने कहा कि जब महागठबंधन सीट बंटवारे में ही असमंजस में है, तो वे सरकार कैसे चलाएंगे? बिहार की जनता यह भली-भांति समझ चुकी है।

भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि महागठबंधन में टिकट के लिए पैसों का खेल चल रहा है, जिसे जनता देख रही है। उन्होंने कहा कि एनडीए विकास, गरीबों के कल्याण, महिला सशक्तीकरण और युवाओं के रोजगार को लेकर प्रतिबद्ध है। पीएम मोदी की गारंटी पर बिहार की जनता का पूरा विश्वास है।

इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गुरु प्रकाश, प्रदेश मीडिया प्रभारी दानिश इकबाल, सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलू और सूरज पांडेय उपस्थित थे।

# बिहार चुनाव में वंशवाद का बोलबाला

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार की राजनीति में वंशवाद का दबदबा कायम है। इस चुनाव में भी बड़ी संख्या में उम्मीदवार या तो किसी स्थापित नेता के बेटे, बेटी व पत्नी हैं या निकट संबंधी हैं। राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि वंशवाद के मामले में बिहार में कोई भी राजनीतिक दल खुद को नैतिक रूप से श्रेष्ठ नहीं कह सकता। बिहार की 243 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों छह और 11 नवंबर को मतदान होगा, जबकि मतगणना 14 नवंबर को की जायेगी।

**राजद में खूब चला है परिवारवाद :** विभिन्न राजनीतिक दलों से कई चर्चित नेता अपने परिवार के सदस्यों को चुनावी मैदान में उतार रहे हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के तेजस्वी यादव (पार्टी प्रमुख लालू प्रसाद के छोटे बेटे और उत्तराधिकारी) राघोपुर से, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सम्राट चौधरी (पूर्व मंत्री शकुनी चौधरी के बेटे) तारापुर से, राजद के ओसामा शहाब (गैंगस्टर से राजनेता बने



### इन नेताओं की भी राजनीतिक पृष्ठभूमि

इसी तरह राकेश ओझा (भाजपा के दिवंगत नेता विशेश्वर ओझा के पुत्र) शाहपुर से, वीणा देवी (राजद में हाल में शामिल हुए सूरजभान सिंह की पत्नी) मोकामा से और शिवानी शुक्ला (राजद के बाहुबली नेता मुन्ना शुक्ला की पुत्री) लालगंज से मैदान में हैं। पूर्व सांसद विजय कुमार के पुत्र ऋषि मिश्रा जाले से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं।

दिवंगत मोहम्मद शहाबुद्दीन के बेटे) रघुनाथपुर से मैदान में हैं।

**मांझी-कुशवाहा की लिस्ट में भी 'घरवाले' :** राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा की पत्नी स्नेहलता सासाराम से, पूर्व मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्र के पुत्र एव भाजपा के नितिश मिश्र झंझारपुर से चुनाव लड़ रहे हैं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की पुत्रवधू दीपा मांझी, जन सुराज की जागृति ठाकुर (प्रख्यात समाजवादी नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर की पौत्री) मुरवा से, और चाणक्य प्रसाद रंजन (जनता दल-यूनाइटेड सांसद गिरधारी प्रसाद यादव के पुत्र) राजद उम्मीदवार के रूप में बेलहर सीट से चुनाव लड़ रहे हैं।

**जदयू में भी उतरे 'परिवार वाले':** इसके अलावा जद (यू) की कोमल सिंह (लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) सांसद वीणा देवी की पुत्री) गायघाट से, जद (यू) के चेतन आनंद (पार्टी सांसद लवली आनंद के पुत्र) नवीनगर से, भाजपा के नितिन नवीन (भाजपा के दिवंगत नेता नवीन किशोर सिन्हा के पुत्र) बांकीपुर से, संजीव चौरसिया (भाजपा नेता गंगा प्रसाद चौरसिया के पुत्र) दीघा से और राजद के राहुल तिवारी (राजद के वरिष्ठ नेता शिवानंद तिवारी के पुत्र) शाहपुर से चुनाव लड़ रहे हैं।

**वंशवाद पर क्या कहते हैं विशेषज्ञ :** वंशवाद पर राजनीतिक विशेषज्ञ कहते हैं कि राजनीति में जिस तरह से यह (वशंवाद) हो रहा है, यह दर्शाता है कि अब सभी राजनीतिक दल विचारधारा, संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रति उदासीन हो चुके हैं। लोगों को इसके (वशंवाद) खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। ये लोग केवल इसलिए राजनीति में आसानी से आ जाते हैं, क्योंकि वे किसी स्थापित परिवार से आते हैं। ऐसा इसलिए भी हो रहा है, क्योंकि बिहार में शिक्षा को पिछले 77 वर्षों में प्राथमिकता नहीं दी गयी।

# बिहार चुनावः एक तरफ एनडीए की ताबड़तोड़ रैलियां दूसरी तरफ महागठबंधन में गांठ मोटी होती जा रही

## महागठबंधन अब तक सीट बंटवारे का एलान नहीं कर पाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार चुनाव में अब कुछ ही दिन शेष बचे हैं। भाजपा-जदयू सहित पूरे सत्ता पक्ष ने अपने चुनाव प्रचार की गति को तेज कर दिया है। लेकिन इस निर्णायक घड़ी में भी विपक्ष बिखरा दिखाई दे रहा है। महागठबंधन का विपक्षी खेमा अब तक अपने सीट बंटवारे का एलान नहीं कर पाया है। इसका परिणाम हुआ है कि विपक्षी दलों ने अपने स्तर पर अपने-अपने उम्मीदवारों का एलान करना शुरू कर दिया है। करीब सात सीटों पर कांग्रेस और राजद के प्रत्याशी एक दूसरे को टक्कर देते दिखाई दे रहे हैं। झामुमो ने भी बिना गठबंधन के छह सीटों पर अपने उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतारकर महागठबंधन की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। अभी यह संख्या और बढ़ सकती है।

### एनडीए की ताबड़तोड़ चुनावी रैलियां शुरू

वहीं एनडीए नेताओं ने बिहार में चुनावी रैलियां कर जनता को रिझाना शुरू कर दिया है। भाजपा के स्टार प्रचारक नेता गृह मंत्री अमित शाह और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार बिहार में डटे हुए हैं और ताबड़तोड़ रैलियां कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक दर्जन चुनावी जनसभाएं करेंगे। इससे एनडीए का चुनाव प्रचार अपने सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच जायेगा। भाजपा के सहयोगी दल जदयू, लोजपा (आर), जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा भी पूरी तैयारी के साथ चुनाव मैदान में उतर चुके हैं।

### राजद कार्यालय पर टिकटों के लिए आरोप-प्रत्यारोप

महागठबंधन की ओर से अभी तक इस तरह की कोई तैयारी दिखाई



नहीं दे रही है। अभी तक राजद कार्यालय पर टिकटों के लिए आरोप-प्रत्यारोप चल रहे हैं। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बिहार में कोई सीट न दिए जाने को अपना अपमान बताते हुए छह सीटों पर अपने प्रत्याशी उतार दिये हैं। इससे झारखंड से सटी विधानसभा सीटों पर, विशेषकर आदिवासियों के बीच महागठबंधन को नुकसान उठाना पड़ सकता है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने गठबंधन में सीटों की तालमेल न होने के लिए राजद को दोषी ठहराया है।

### वोट चोरी का मुद्दा भी गायब

चुनाव की अंतिम घड़ी में विपक्ष अपने सबसे मजबूत कार्ड के सहारे सत्ता पक्ष को घेरने का काम करता है। लेकिन बिहार में विपक्ष के बड़े नेताओं के साथ-साथ उनका सबसे बड़ा मुद्दा भी गायब होता दिखाई दे रहा है। कांग्रेस-राजद ने शुरुआती दौर में 'वोट चोरी' के मुद्दे के सहारे भाजपा-जदयू को घेरने की कोशिश की थी। लेकिन राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' के बाद बिहार में यह मुद्दा कहीं देखने-सुनने को नहीं मिल रहा है। आपसी तालमेल की कमी के कारण राजद भी इस मुद्दे को नहीं उठा रहा है। विपक्ष को इस रणनीतिक खामी का नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### कांग्रेस के नेता परेशान

सूत्रों की माने तो कांग्रेस के कुछ नेताओं का कहना है कि बिहार में प्रमुख सीटों पर राजद की हठ को केंद्रीय नेतृत्व को बता दिया गया है। अब केंद्रीय नेतृत्व से भी राज्य में 'एकला चलो' का मूक संदेश मिल रहा है। लेकिन सीटों पर तालमेल न होने के कारण पार्टी को भारी नुकसान हो सकता है। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यदि शुरुआती दौर में ही गठबंधन के बिना चुनाव में उतरने का निर्णय लिया गया होता, तो हर सीट पर पार्टी के कार्यकर्ता चुनाव लड़ने की तैयारी करते। इससे पार्टी कम सीटों पर जीत हासिल करती, लेकिन उसे पूरे बिहार में हर सीट पर मजबूत होने का अवसर मिलता। लेकिन देर हो जाने के कारण पार्टी को दोहरा नुकसान हो रहा है।

### महागठबंधन को नुकसान

जानकारों की मानें तो दिवाली के बाद राहुल गांधी बिहार में एक दर्जन से अधिक जनसभाएं कर सकते हैं। लेकिन सीटों पर निर्णय न होने से अब तक चुनाव प्रचार भी सही तरीके से नहीं हो पाया, जिससे कांग्रेस के साथ-साथ पूरे महागठबंधन को नुकसान हो सकता है। अब घोषित होने वाले उम्मीदवारों के पास चुनाव प्रचार को लेकर बहुत समय नहीं मिलेगा। पार्टी को इससे भी नुकसान हो सकता है।

### महागठबंधन नहीं, 'महा गांठ बंधन': भाजपा

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि बिहार में विपक्ष में महागठबंधन नहीं, बल्कि 'महा गांठ बंधन' है। वे अब तक अपने बीच की गांठ नहीं सुलझा पाये हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा केवल इसलिए हो रहा है, क्योंकि उनका लक्ष्य जनता की सेवा करना नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष में केवल लालच और भ्रष्टाचार का गठबंधन होता है, जिससे सत्ता मिलने पर जनता को लूटा जा सके। लेकिन बिहार की जनता ने पिछले 20 वर्षों का बदलाव देख लिया है और अब वह बिहार में जंगल राज की वापसी नहीं होने देगी।

### दो तिहाई बहुमत से हासिल करेंगे जीतः लोजपा (आर)

लोजपा (आर) के नेता मणिशंकर पांडेय ने कहा कि अवसरवाद और लालच पर आधारित गठबंधन कभी सफल नहीं होता। उन्होंने कहा कि लालू यादव और कांग्रेस का गठबंधन केवल भ्रष्टाचार का गठबंधन था, इसीलिए यह सफल नहीं हो पाया। कांग्रेस ने अब तक तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार नहीं घोषित किया, तो राजद ने कांग्रेस को सीटें देने से इनकार कर दिया। उसके उलट हमारे एनडीए गठबंधन में पहले दिन से नेता, नीति और मुख्यमंत्री सब कुछ तय है। यही कारण है कि बिहार की जनता का विश्वास एनडीए पर बना हुआ है। उन्होंने दावा किया कि बिहार में इस बार एनडीए दो तिहाई बहुमत हासिल कर सरकार बनायेगा।










# शाम 7.12 से रात 9.08 तक पूजा का शुभ मुहूर्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अंधकार पर प्रकाश की विजय और सुख-समृद्धि, वैभव के पर्व दीपावली को लेकर चहुंओर उल्लास है। सोमवार को सूर्यास्त के बाद घरों, गली-चौराहे, मठ-मंदिर दीपों से जगमाएंगे। मां लक्ष्मी, कुबेर और गणेश जी का पूजन होगा। व्यापार की खुशहाली के लिए बहीखाता बदले जाएंगे। आचार्य अजय मिश्रा के अनुसार कार्तिक कृष्णपक्ष की अमावस्या 20 अक्तूबर को दिन के 2.55 बजे के बाद से अमावस्या लग रहा है, जो मंगलवार की शाम 4.26 बजे तक रहेगा। वृष लग्न शाम 7.12 से रात 9.08 बजे तक है। यह समय पूजा के लिए सबसे उपयुक्त माना गया है। इससे पहले कुंभ लग्न दिन के 2.36 से शाम 4.07 बजे तक है। इसे स्थिर लग्न माना गया है। सिंह लग्न रात 1.40 से 3.54 बजे तक है। निशिथ काल रात 11.33 से 12.23 बजे तक रहेगा। यह समय काली पूजा के लिए उतम माना जाता है।









# लूट की घटना को अंजाम देने से पहले पांच लुटेरे गिरफ्तार

**लूटे गये साढ़े 6 लाख के जेवर और आठ मोबाइल समेत अन्य सामान बरामद**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग पुलिस ने धनतेरस के दिन लूट की योजना बना रहे 5 लुटेरों को धर दबोचा है। ये सभी हजारीबाग के कैनरी हिल के जंगल में लूट की योजना बना रहे थे। इनके मनसूबों पर पुलिस ने पानी फेरते हुए लूट के लगभग छह लाख रुपये कीमत के सोने चांदी के सिकड़ी और मोबाइल भी बरामद किया गया है। हजारीबाग एसपी अंजनी अंजन को गुप्त सूचना मिली थी जिस पर कार्रवाई की गयी है।

हजारीबाग पुलिस ने पांच लुटेरों को गिरफ्तार कर लुटेरों के मनसूबों पर पानी फेर दिया है। हजारीबाग सदर एसडीपीओ अमित आनंद ने जानकारी दिया कि पुलिस को जानकारी मिली थी, कि कुछ अपराधी घटना को अंजाम देने के लिए जमा हो रहे हैं।

गिरफ्तार व्यक्तियों में धनीराम सोरेन उर्फ नेपाली है जिसके ऊपर विभिन्न थाने में छह मामला दर्ज है। वह चरही था क्षेत्र के कर्माबेडा का रहने वाला है। वहीं बलराम मुंडा के ऊपर विभिन्न थानों में 11 मामला दर्ज है। वह गुडवा बस्ती थाना मुफ्फसिल का रहने वाला है। मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मरहेट का रहने वाला तैयब अंसारी के ऊपर एक और किशोर कुमार बिहारी ग्राम भराजो दो के ऊपर दो मामला दर्ज है। वहीं गिरफ्तार विकास के ऊपर कितने मामले दर्ज हैं इसे लेकर छानबीन चल रही है।

छापेमारी दल में सदर एसडीपीओ अमित आनंद, कोर्रा प्रभारी अजीत कुमार, एसआई रोशन कुमार, पुन्नू कुमार यादव, पिंटू कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार राणा के अलावा तकनीकी शाखा और कोर्रा थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे।



### पतरातू मुहल्ले में बर्थडे मना रहे युवकों से हथियार का भय दिखा की थी लूटपाट

बता दें कि कुछ दिन पूर्व इन्हीं लोगों ने पतरातु मुहल्ले में बर्थडे मना रहे युवकों से हथियार का भय दिखा कर 8 - 10 मोबाइल, सोना का चैन, अंगूठी, 90 हजार नगद लूट लिया था।

### आरोपियों के पास से बरामद सामान

पुलिस ने इन सबों के पास से एक पिस्तौल, एक देसी कट्टा, 6 जिंदा कारतूस, 48 ग्राम सोना, 98 ग्राम चांदी के सिकड़ी, एक चार पहिया गाड़ी, 8 मोबाइल फोन 2 मोटरसाइकिल जब्त किया है।

## धनतेरस में नकाबपोश महिला चोर ने आरसी ज्वेलर्स से उड़ाये आभूषण, कई दुकानों में चोरी का प्रयास

चतरा (आजाद सिपाही)। शहर के मुख्य बाजार में सजा धनतेरस बाजार में चोर गैंग सक्रिय था। चार-पांच की संख्या में बुर्का पहनी महिलाओं ने भीड़ की आड़ में चोरी की घटना को अंजाम दिया। गैंग की महिलाओं ने मारवाड़ी मुहल्ला स्थित आरसी ज्वेलर्स से आभूषण की चोरी की। जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। वायरल वीडियो के आधार पर इन बुर्का पोश चोरों की पहचान करने की कोशिश की जारी रही है। सामने आये सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि एक बुर्का पहनी महिला ज्वेलरी की दूकान में आती है और एक महिला के पीछे खड़ी होकर दूकान की बकेट से एक अंगूठी उठाती है। वह उस अंगूठी को अपनी अंगुली में पहनती है, फिर निकालती है। फिर हाथ थोड़ा नीचे करते हुए उसे दूसरे हाथ में लेते हुए प्लास्टिक का कवर नीचे गिरा देती है और फिर दूसरे बकेट से दूसरा अंगूठी निकालकर देखने लगती है और फिर उसे वहीं रखकर धीरे से निकल जाती है। इस संबंध में थाना प्रभारी विपिन कुमार ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान की जा रही है।

# नहीं पहुंची एंबुलेंस, युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**हंटरगंज/चतरा।** वशिष्ठनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत होसिल गांव के समीप सोमवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गयी। मृतक युवक सलैया पंचायत के धनगीरी गांव निवासी संतोष यादव के 19 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार है। घटना के संबंध में बताया गया कि मृतक प्रतापपुर कारूडीह गांव अपने नानी के घर से अपने घर धनगीरी गांव लौट रहा था। इसी दौरान जोरी की ओर से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।



स्थानीय लोगों ने घायल युवक को आनन फानन में स्वास्थ्य केंद्र जोरी में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सक ने नाजुक स्थिति देखते हुए चतरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। 108 एम्बुलेंस सुविधा नहीं होने के कारण परिजनों ने निजी वाहन से सदर अस्पताल भर्ती करवाया। वहां भी बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया। हजारीबाग ले जाने के दौरान युवक ने बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने आक्रोश में आकर जोरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के समीप चतरा - डोभी मुख्य पथ को जाम कर दिया। प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश यादव ने कहा कि 108 एंबुलेंस न होने के कारण एक युवक की जान चली गयी।

## फागू बेसरा, जानकी यादव और संजीव बेदिया का झामुमो कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



इचाक (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा, पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष सह बरकट्ठा के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारणी सदस्य सह जिला अध्यक्ष संजीव बेदिया का इचाक प्रखंड झामुमो कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। प्रखंड अध्यक्ष राजेश मेहता के नेतृत्व में पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने माला पहना और गुलदस्ता देकर अभिनंदन किया। इस मौके झामुमो के केंद्रीय सदस्य सुनील शर्मा, केंद्रीय सदस्य राजा खान, जिला उपाध्यक्ष रंजीत मेहता, जिला प्रवक्ता कुणाल यादव, नईम राही, युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सतेंद्र कुमार, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनीता देवी, बुद्धिजीवी मोर्चा जिला अध्यक्ष सदन मेहता, प्रखंड सचिव बिकी खत्री, मुखिया निशु कुमारी, सजमा खातून, कैलाश मेहता, दिनेश मेहता, गंगेश्वर मेहता, अभिषेक मेहता, रामजय मेहता, संतोष मेहता, सिकंदर, धीरू, तुलसी, साजन, निशिराज, निर्मल आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सराढू छठ घाट का पूर्व विधायक किशुन दास ने किया निरीक्षण



टंडवा (आजाद सिपाही)। लोक आस्था एवं सूर्योपासना के महापर्व छठ को लेकर तैयारियों का जायजा को लेकर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष सह सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक किशुन कुमार दास ने रविवार को सराढू स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए घाट पर की जा रही स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया। इस मौके पर भाजपा नेता राजेंद्र नायक, समाजसेवी सुजीत सिंह, प्रताप सिंह, बिशुनदेव सिंह, धनंजय सिंह समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## दीपावली पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने आत्मनिर्भरता का दिया संदेश



कोडरमा (आजाद सिपाही)। दीपावली पर भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा है कि यह पूरे देश का महान पर्व है। यह वही दिन है, जब भगवान श्रीराम 14 वर्ष वनवास के बाद अयोध्या लौटे थे और इस खुशी में सम्पूर्ण अयोध्या नगरी दीपों से जगमगा उठी थी। श्री जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल फॉर वोकल के आह्वान को आगे बढ़ाते हुए आत्मनिर्भर भारत के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया। उन्होंने प्रजापति कुम्हार समाज से दीए खरीदे और जरूरतमंद परिवारों के बीच दीया, तेल और बाती का वितरण किया। उन्होंने कहा कि त्योहारों की सच्ची खुशी तभी है, जब हम समाज के हर वर्ग के साथ मिलकर उत्सव मनाएं और एक-दूसरे की सहायता करें। दीपावली का अर्थ केवल घरों में रोशनी करना नहीं, बल्कि दूसरों के जीवन में भी उजाला फैलाना है। कार्यक्रम में पार्टी नेता चंद्रशेखर जोशी, हरी पण्डित, महादेव दास, झुमरी तिलैया मण्डल अध्यक्ष सुधीर सेठ, महामन्त्री संजय शर्मा,नवीन चौधरी आदि मौजूद थे।

# चोरों ने उड़ाई बजाज बाइक शोरूम से धनतेरस की कमाई



शोरूम के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद तस्वीर।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के कांके बार में बजाज बाइक शोरूम में हुई धनतेरस की कमाई चोरों ने उड़ा ली। रविवार को जब शोरूम का शटर खुला तो मालिक और कर्मचारी सभी आवक रह गये। कैशियर के कमरे का शीशा टूटा हुआ था और अंदर से लाखों रुपये नगद गायब थे। घटना की सूचना तत्काल शोरूम के मालिक वत्सल पोद्दार ने रामगढ़ थाना प्रभारी को दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने जांच भी शुरू कर दी है।

**सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात** : चोरी की यह वारदात शोरूम के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। लगभग 41 मिनट के वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि हुडी लगाया हुआ चोर शोरूम के अंदर घुसता है। इसके बाद कैशियर के कमरे में घुसकर बड़े आराम से नगद अपने बैग में रखकर फरार हो जाता है। सीसीटीवी में चोर का चेहरा स्पष्ट तौर पर नजर नहीं आया है। जिस तरह चोरी की गई है उससे पुलिस को यह संदेह है कि शोरूम का कोई कर्मचारी जरूर चोर से मिला है।

### पांच लाख नगद उड़ा ले गये चोर

रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे ने बताया कि लगभग 5 लाख रुपए नगद और चेक चोरों के द्वारा चुराई गई है। उन्होंने छानबीन कर यह बताया कि कर शोरूम के पीछे बनी लेडिस बाथरूम का वेंटीलेटर तोड़कर अंदर घुसा था। इसके बाद में सीधे कैशियर के रूम में पहुंचा। वहां उसने काउंटर का शीशा तोड़कर दरवाजा खोला, फिर कैश काउंटर से 5 लाख नगद रुपये निकाल कर फरार हो गया।

### गार्ड को नंबर दे रहे थे थाना प्रभारी चोर कर रहा था शोरूम की सफाई

धनतेरस को लेकर पुलिस देर रात तक सड़क पर थी। कई स्थानों पर भीड़ की स्थिति बनी हुई थी। पुलिस सभी जगह गश्त भी लग रही थी। पेट्रोलिंग पार्टी के अलावा रामगढ़ थाना प्रभारी नवीन प्रकाश पांडे भी लगातार गश्त कर रहे थे। देर रात वे बजाज बाइक के शोरूम के पास भी पहुंचे थे। वहां उन्होंने शोरूम के सुरक्षा गार्ड से बात की। उन्होंने गार्ड को अपना मोबाइल नंबर भी दिया। उन्होंने कहा कि एहतियात बरतनी है और किसी भी तरह की वारदात हो तो सूचना देनी है। समय कुछ ऐसा था कि शटर के बाहर थाना प्रभारी सुरक्षा गार्ड से बात कर रहे थे और सीसीटीवी कैमरे में चोर की हरकत जो कैद हुई, वह भी कमोबेश वहीं था। वहां चोर अंदर बड़ी सफाई से चोरी कर रहा था।

# सनकी व्यक्ति ने सड़क जाम की, ट्रैफिक जवान को पीटा, पुलिस ने भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर में धनतेरस को लेकर जाम की स्थिति सड़कों पर बनी थी। लेकिन इस बीच कुछ सनकी लोग ना तो ट्रैफिक व्यवस्था में अपना सहयोग दे रहे हैं और ना ही सही तरीके से अपनी गाड़ियों की पार्किंग कर रहे हैं। शहर के चट्टी बाजार में बगड़िया के पास एक ऐसे ही सनकी व्यक्ति ने बाइक खड़ा कर दिया था। जब ट्रैफिक जवान ने उसे बाइक साइड में लगाने को कहा तो उसकी पिटाई भी कर दी। इस मामले में घायल ट्रैफिक जवान मुकेश कुमार का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया घायल ट्रैफिक सिपाही मुकेश कुमार ने रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। रामगढ़ पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई की और बाइक सवार सनकी व्यक्ति को रविवार को जेल भेज दिया है।



घायल ट्रैफिक जवान मुकेश कुमार।

**बाइक सवार व्यक्ति ने ट्रैफिक जवान पर किया जानलेवा हमला** : ट्रैफिक जवान मुकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि धनतेरस को लेकर सड़क पर जाम की स्थिति बनी थी। इसी दौरान जेएच 01 एयू 5953 बाइक पर सवार एक व्यक्ति बीच सड़क पर ही बाइक खड़ा कर जाने लगा। बीच सड़क पर बाइक खड़ी होने की वजह से जाम और भी भीषण हो गया। जब बाइक सवार को सड़क किनारे गाड़ी लगाने को कहा गया तो उसने बदतमीजी शुरू कर दी। उसने अपना नाम बसंत कुमार महतो बताया और ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक जवान पर हमला शुरू कर दिया। उसने जवान की वर्दी फाड़ डाली और लोहे के चाबी से उसके चेहरे पर वार किया। घटना के दौरान वहां तैनात शीतल दीपक टोपनो, प्रताप कुमार सिंह और अभिषेक कुमार के द्वारा ट्रैफिक जवान की जान बचाई गई। साथ ही उन लोगों ने बसंत कुमार महतो को पकड़ा और थाने ले गए। कुजू ओपी क्षेत्र के करमा, हरवे गांव निवासी बसंत कुमार महतो के खिलाफ रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

# गोला की बेटी की पुणे में मौत, हत्या की आशंका

आजाद सिपाही संवाददाता

**पति के साथ रहती थी पुणे में, पति का था दूसरे लड़की से नाजायज संबंध**

**गोला।** थाना क्षेत्र के हुप्पू की बेटी पिंकी कुमारी 32 वर्ष पिता अनिल ठाकुर की मौत पुणे में संदेहास्पद स्थिति में हो गयी। परिजनों ने बताया कि पिंकी कुमारी का विवाह लगभग दस वर्ष पूर्व गोमिया थाना क्षेत्र के साडम गांव निवासी सूरज ठाकुर के साथ में हुई थी। शादी के बाद दोनों को दो संतानें हुई।

इस बीच सूरज ठाकुर का एक अन्य युवती आंचल कुमारी के साथ नाजायज संबंध बन गया। बाद में उसने आंचल को भी अपने साथ रखना शुरू कर दिया। उससे एक बेटी का जन्म हुआ। इसके बाद इसी वर्ष मई में सूरज पिंकी को पुणे काम करने के उद्देश्य से लेकर गया। वहां पहुंचने के बाद पिंकी को पता चला कि आंचल कुमारी पहले से ही सूरज ठाकुर के साथ पुणे में रह रही है। पूरी स्थिति को देखते हुए पिंकी ने सूरज के साथ किसी तरह अपना वैवाहिक जीवन जारी रखा। इस बीच पिंकी के साथ कई बार मारपीट की घटनायें हुई। 12 अक्टूबर को घर में खाना बनाते समय आग लग गयी, जिसमें पिंकी गंभीर रूप से झुलस गयी। उसे तुरंत ससुन अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान दिनांक 16 अक्टूबर को उसकी मौत हो गयी।

परिजनों का आरोप है कि घटना से स्पष्ट होता है कि सूरज और आंचल ने साजिश के तहत पिंकी को योजनाबद्ध तरीके से जलाकर हत्या करने का प्रयास किया। जिससे उसकी मौत हो गयी। पुणे से शव लाने में मंत्री योगेंद्र प्रसाद के प्रयासों से विभागीय सहायता राशि के रूप में पच्चास हजार दिया गया। इसके बाद शव साडम गांव लाया गया।

# वोट चोर, गद्दी छोड़ कार्यक्रम के साथ कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन



**जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक का भव्य स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मरकच्चो ।** प्रखंड स्थित मध्य पंचायत भवन में रविवार को कांग्रेस पार्टी ने वोट चोर, गद्दी छोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष केदार राणा और संचालन रवि शंकर सिंह ने किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक का पार्टी कार्यकर्ताओं ने फूल- मालाओं से भव्य स्वागत किया । नेताओं और कार्यकर्ताओं ने वोट चोर, गद्दी छोड़ नारे के माध्यम से केंद्र सरकार की नीतियों पर प्रहार करते हुए संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का संकल्प लिया। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि प्रखंड कमेटी के सदस्य बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी से मुलाकात कर आम जनता की समस्याओं का समाधान कराने के लिए सक्रिय भूमिका निभायेंगे।

कार्यक्रम में मो इस्लाम, सलीना खातून, गुलाम सर्वर कौआल, जाहिद आलम, दुर्गा यादव, डॉ सब्बा अहमद, सुनील ठाकुर, सोनू आलम, रामचंद्र दास, नारायण दास, सुधीर दास, संतोष दास, सीताराम रविदास, कासिम आलम, एनामुल शेख, दुर्गा राणा, दिलवर आलम, माजिद आलम, ललन आलम, मुकेश सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सिझुआ गांव के युवक की तालाब में डूबने से हुई मौत

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। दीपावली की खुशियों के बीच हजारीबाग जिले के ईचाक थाना क्षेत्र के सिझुआ गांव में मातम छा गया है। गांव के 22 वर्षीय युवक आदित्य राज, पिता राजेंद्र कुमार मेहता की तालाब में नहाने के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार रविवार को आदित्य अपने दोस्तों के साथ नहाने गया था। नहाने के दौरान तीनों युवक पानी की गहराई में डूबने लगे। ग्रामीणों की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया, लेकिन आदित्य की हालत गंभीर थी। उसे तुरंत हजारीबाग के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों का आरोप है कि घटना संदिग्ध है और आदित्य की मौत के पीछे कोई गहरी साजिश हो सकती है। उन्होंने ईचाक थाना पुलिस से मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, जिला परिषद अध्यक्ष उमेश मेहता ने भी घटना को गंभीर बताते हुए इसकी निष्पक्ष जांच और मृतक परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

# बंडासिंगा मोड़ में विधायक ने लूक इ-बाइक शोरूम का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता


**बरकट्ठा।** बंडासिंगा मोड़ इचाक हजारीबाग रोड में विधायक अमित कुमार यादव ने लूक- इ-बाइक शोरूम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काट कर किया। उद्घाटन समारोह में मुख्य रूप से जीप सदस्या कुमकुम देवी, बीससुत्री प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप कुमार मंडल, पूर्व जीप सदस्या मीना देवी, पूर्व मुखिया गुड्डी देवी, पूर्व मुखिया राजकुमार नायक उपस्थित थे। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि ई बाईक शोरूम का उद्घाटन होने से यहां के लोगों को बाइक खरीदने के लिए बाहर जाना नहीं पड़ेगा। प्रदूषण होने के चलते सभी जगह बैट्री से चलने वाली मोटरसाइकिल, चार चक्का गाड़ी की मांग बढ़ गयी है। आने वाला समय में सिर्फ बैट्री से ही सारे गाड़ी चलेगी। शोरूम के मालिक केदार साव ने बताया बाइक और स्कुटी उचित दाम पर उपलब्ध है। मौके पर परमेश्वर साव, बिरेंद्र शर्मा, टुकन नायक, अर्जुन नायक, विवेक साव, संजय साव, भोला प्रसाद, राजकुमार मंडल, रीतलाल प्रसाद, राजकुमार यादव समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।



# दीपावली और काली पूजा को लेकर जगमगाया शहर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** दीपोत्सव को लेकर रामगढ़ जिले में अलग ही उत्साह दिख रहा है। माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की आराधना के साथ-साथ मां काली की पूजा के लिए भी रामगढ़ जिला तैयार हो गया है। जिले के सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के अलावा शहर को भी आकर्षक तरीके से सजाया गया है। सबसे बेहतर तरीके से झारखंड के प्रसिद्ध रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका दरबार को सजाया गया है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं को आकर्षक विद्युत सज्जा देखने को मिलेगी।



**सुभाष चौक से लेकर बाजार तक में हुई सजावट** : रामगढ़ शहर के सुभाष चौक से लेकर शिवाजी रोड, लोहार टोला, चट्टी बाजार, बाजार टांड़ में बेहतर सजावट की गई है। इसके अलावा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में भी आकर्षक विद्युत सजा हुई है। समाहरणालय परिसर को भी बेहतर तरीके से सजाया गया है। दीपावली के इस त्यौहार को हर्षोल्लास से बनाने के लिए जिला प्रशासन ने की गाइडलाइन जारी की है। शहर वासियों ने भी अपने घरों को आकर्षक तरीके से सजाया है।

**काली पूजा को लेकर बनाई गयी मूर्ति** : रामगढ़ जिले में काली पूजा भी बेहद धूमधाम से मनाई जाती है। अमावस्या के दिन मां काली की आराधना से भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। जिले के दर्जनों स्थानों पर मां काली की प्रतिमा स्थापित की गयी है। इस दौरान मां काली को बलि देकर लोग प्रसाद ग्रहण करते हैं।

**रजरप्पा में काली पूजा का होगा विशेष अनुष्ठान** : झारखंड के प्रसिद्ध रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका मंदिर में काली पूजा को लेकर विशेष पूजन किया जायेगा। मध्य रात्रि में होने वाली पूजा को लेकर कई तांत्रिक भी यहां पहुंच चुके हैं। मंदिर के पुजारी के द्वारा तांत्रिकों के रहने की व्यवस्था की गयी है।

# छोटी दिवाली पर बाजार में रौनक, मिट्टी के दीये, मूर्ति और मिठाई की हुई खूब बिक्री

**दीप उत्सव का महापर्व दीपावली आज**

दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** दीपों के पर्व दीपावली से पूर्व रविवार को छोटी दिवाली के अवसर पर हजारीबाग शहर पूरी तरह रोशनी और खुशियों से नहा उठा। सुबह से ही बाजारों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। गणेश लक्ष्मी की मूर्ति, मिठाई, सजावटी सामान, दीयों और मोमबत्तियों के स्टॉल पर ग्राहकों की लम्बी कतारें लगी रहीं। शहर के हर कोने में छोटी दिवाली की चहल-पहल देखते ही बन रही थी। हर कोई दीपावली की खरीदारी करता हुआ नजर आ रहा था।



दीपावली पर लोगों में पारंपरिक मिट्टी के दीयों को लेकर खास उत्साह देखने को मिला। लोगों ने कहा कि मिट्टी के दीये न केवल पर्यावरण के अनुकूल हैं बल्कि परंपरा और संस्कृति से भी जुड़े हुए हैं। वहीं,बाजारों में रंगीन मोमबत्तियों और बैटरी से चलने वाले सजावटी दीयों की बिक्री भी जोरों पर है। इन दीयों की चमक ने पूरे बाजार को जगमगा दिया। दीपावली पर हर घर में मिठास घोलने के लिए लोगों ने जमकर मिठाइयाँ खरीदीं। रसगुल्ला, गुलाबजामुन, पेड़ा, लड्डू और काजू कतली की बिक्री सबसे अधिक रही। शहर के मिठाई विक्रेताओं के यहाँ सुबह से लेकर देर रात तक ग्राहकों का तांता लगा रहा। दुकानदारों ने बताया कि इस बार बिक्री में पिछले साल के मुकाबले बेहतर हुई है। दीपावली की खरीदारी करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग हजारीबाग पहुंचे। बाजार में सुबह से ही खरीदारी का दौर शुरू हो गया था, जो देर रात तक जारी रहा।


LAKSHMI VASTRALAY
अच्छे से अच्छा फिर भी सस्ता
फैन्सी
समस्त झारखंडवासियों को
दीपावली
एवं
छठ पूजा
की हार्दिक बधाई
एवं शुभकामनाएं
THE TRADITIONAL LOOK
HAS ITS OWN BEAUTY
हमारे यहाँ फैंसी साड़ी, लहंगा, सूट सभी तरह के वस्त्र उचित दामों मे मिलते है।
Coal Board Colony, Near Dy. Sp Bunglow Police Line, Hirapur, Dhanbad

## कोयला लदे ट्रक में लगी आग, बचा चालक

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** हेरहंज-पांकी थाना क्षेत्र की सीमा पर एसएच 10 मुख्य पथ के जांजो ग्राम के पास बीती रात एक कोयला लदा ट्रक जिसका (रजिस्ट्रेशन संख्या-जेएच 02 बीजी 5075) में अचानक आग लग गयी। घटना के समय ट्रक में चालक अकेले था। जो किसी तरह जान बचाकर बाहर निकलने में सफल रहा। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, ट्रक के पास कोई अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो सका कि आग कितने बजे और किन कारणों से लगी। आग की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि ट्रक के सभी टायर जलकर खाक हो गये। घटना के कई घंटे बाद भी ट्रक से धुआं उठता रहा। हालांकि, समय रहते चालक के सुरक्षित निकल जाने से एक बड़ी दुर्घटना टल गयी। यह कोयला कहां से लेकर आ रहा था और कहां लेकर जाता यह भी स्पष्ट नहीं हो सका। क्योंकि गाड़ी के पास कोई भी व्यक्ति नहीं थे।

## दीपावली पर गुलजार रहे बाजार, खूब बिके पटाखे

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** दीपावली पर्व को लेकर शहर के बाजार अब दुल्हन की तरह सजने शुरू हो गये है। इससे शहर में रौनक बढ़ने लगी है। शहर के अपर बाजार, महावीर चौक, शास्त्री चौक, बरवाटोली चौक, गुदरी बाजार में व्यापारियों ने ग्राहकों के स्वागत के लिए अपने अपने स्तर पर सजा रहे हैं। दीपावली पर्व को लेकर ग्राहकों को अपनी ओर खींचने के लिए व्यापारी कुछ विशेष छूट के ऑफर भी दे रहे हैं। शहर के रेडीमेड वस्त्र, ज्वैलरी शॉप, इलेक्ट्रानिक उत्पादों से दुकानों को सजा दिया गया है। वहीं मॉल को भी दीवाली फेस्टिवल के अनुरूप सजाना शुरू कर दिया है। युवा वर्ग भी दिवाली पर खरीदारी के लिए समूह में बाजार में उत्पादों के साथ कपड़ों को पंसद कर रहा है। बाजार में सभी दुकानें सजी हुई हैं। धनतेरस की तरह दूसरे दिन भी बाजार गुलजार रहा। एक बार फिर बाजारों में करोड़ों का कारोबार हुई।



### घर-घर होगी महालक्ष्मी की पूजा

लोहरदगा जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में रोशनी का पर्व दीपोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस पर्व को हर घर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। घर-घर में माता महालक्ष्मी की पूजन अर्चन होगी। बीते कुछ दिनों से सभी घरों में साफ सफाई पुताई आदि से घर का कोना कोना साफ करके दीपावली मनाने की तैयारी कर ली है। रंगारंग छटा से घर और अंगना सराबोर हो चुके हैं। धनतेरस से घरों को सजाने के साथ रोशनी से जगमगा दिया गया था। धन की देवी लक्ष्मी की पूजन अर्चन के साथ आतिशबाजी की तैयारी की जा रही है। हर घर में दीपावली की तैयारी अंतिम चरण में है।

बाजार में रौनक छायी हुई है। पटाखा बाजार में भी जमकर ग्राहकी हो रही है। फर्नीचर सहित अन्य सामान दुकानें सजाने के साथ ही बाहर तक रखा हुआ था। दीपावली के अवसर पर घरों की रंगाइ पुताइ के बाद फूल फुलवार से लेकर घर के आंगन तक रंगोली सजायी जा रही है। हर तरफ रंग ही रंग नजर आ रहा है।

### पटाखों की दुकानों पर उमड़ी भीड़



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** दीपावली को लेकर लोग अपने घरों के सामने रंगारंग आतिशबाजी करने लगे हैं। धनतेरस के दूसरे दिन फटाखा बाजार में फटाखों की खूब बिक्री हुई। दीपावली के अवसर पर शाम के समय फटाखों की रोशनी से भी घर आंगन और आसमान तक जगमगायेगा। फटाके चलाने के लिए बच्चे उतावले हो रहे है। वही बच्चों के लिए छोटे पटाखे, महिलाएं और बुजुर्गों के लिए सुरक्षित फुलझड़ी और चकरी ज्यादा बिक रहे हैं। पटाखा के थोक विक्रेता फिरोज शाह, रिंकू शाह, अफरोज शाह, खालिद शाह आदि ने बताया कि बाजार में पटाखे धनतेरस के दूसरे दिन भी बिक रही है। हमारे दुकान पर मिरची पटाखा 50 से 70 रुपये पैकेट, फूलझड़ी 100 से 300 रुपये पैकेट, लाइट बम 50 से 250 रुपये पैकेट, तार बत्ती पांच से 200 रुपये पैकेट, चरखी 50 से 100 रुपये पैकेट, रॉकेट 100 से 600 रुपये पैकेट, चटाई बम 10 से तीन हजार रुपये पैकेट बिक रहा है। वही फैंसी बमो की बात करे तो फैंसी बम 200 से 10 हजार रुपये तक है बिक रहे हैं। वहीं, बड़े बजट के ग्राहक भी अपनी पसंद के अनुसार फैंसी पटाखों की खरीदारी कर रहे हैं। जो दीपावली की रात को आसमान को रंगीन बना देते हैं। इस बार ग्रीन पटाखों की सबसे अधिक बिक्री हो रही है।

## आतिशबाजी करते समय सावधानी बरतें : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ ताराचंद ने दीपावली के पावन अवसर लोहरदगा जिला वासियों को दीपावली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए प्रभु श्रीराम से सभी के सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना की है। उपायुक्त ने कहा कि पर्व एवं त्योहार शान्ति, एकता और सद्भाव का संदेश देते हैं एवं सामाजिक सौहार्द में वृद्धि करते हैं। इस अवसर पर आप ना सिर्फ घर और अपने आसपास के क्षेत्र में रौशनी करें बल्कि अपने मन के अंधेरे को भी दूर करें। आतिशबाजी करने वालों से अनुरोध है कि आतिशबाजी करते समय सावधानी बरतें और झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पार्षद, रांची के आदेशों का पालन भी करें। आतिशबाजी के कारण जलने या अन्य अनहोनी की घटना से तुरंत बचाव के लिए जहां आतिशबाजी करें वहां बाल्टी में पानी भी रखें। साथ ही, खुले स्थान में ही आतिशबाजी करें ताकि किसी को नुकसान नहीं पहुंचे। वैसे पटाखे ही जलाये जा सकेंगे जिनकी ध्वनि सीमा 125 से कम हो। साथ ही दीपावली के दिन पटाखे मात्र दो घंटे शाम 8 बजे से रात्रि 10.00 बजे तक ही चलाये जा सकेंगे। आतिशबाजी के कारण जलने व अन्य इससे बचाव के लिए दीपावली में सदर अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौबीसों घंटे खुले रहेंगे। उपायुक्त ने जिला वासियों को काली पूजा, लक्ष्मी-कुबेर पूजा, गोवर्धन पूजा, भाई दूज और चित्रगुप्त पूजा की भी बधाई दी है।

## वायु और ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए आदेश जारी

**दीपावली में केवल दो घंटे ही फोड़ सकेंगे पटाखे, नियम तोड़ने पर होगी कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के आदेशों के अनुपालन में झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने वायु एवं ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए दिशा-निर्देश जारी किये हैं। पार्षद के सदस्य सचिव राजीव लोचन बक्शी द्वारा जारी आदेश के अनुसार, झारखंड राज्य के सभी शहरी क्षेत्रों में इस वर्ष वायु गुणवत्ता अच्छी या संतोषप्रद श्रेणी में है। ऐसे में केवल वही पटाखे बेचे जा सकेंगे जिनकी ध्वनि सीमा 125 डेसीबल से कम हो। दीपावली के दिन पटाखे रात 8 बजे से 10 बजे तक ही चलाने की अनुमति दी गयी है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि इन दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1981, तथा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 सहित अन्य सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जायेगी। इसके अतिरिक्त, त्योहारों के दौरान पटाखे चलाने का समय भी निर्धारित किया गया है – दीपावली एवं गुरुपर्व : रात्रि 8 से 10 बजे तक, छठ पर्व : प्रातः 6 से 8 बजे तक, क्रिसमस एवं नव वर्ष : मध्यरात्रि 11.55 से 12.30 बजे तक। राज्य प्रदूषण नियंत्रण पार्षद ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे आदेशों का पालन करें और स्वच्छ, स्वस्थ एवं प्रदूषणमुक्त वातावरण बनाये रखने में सहयोग दें।

## स्वास्थ्य शिविर में 44 लोगों ने करायी जांच

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार 175वां सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 44 लोग अपने स्वास्थ्य संबंधित जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड,ब्लड ग्रुप, शुगर, बीपी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया एवं अन्य सभी प्रकार की स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही करायी जाती है। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा सुखी जीवन के लिए शरीर का स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है इसके लिए आपको नियमित रूप से स्वास्थ्य चेकअप करते रहना चाहिए जिससे कि आपके स्वास्थ्य की गतिविधि का पता चलते रहे और समय रहते उसका उपचार



किया जा सके। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही कभी नहीं होनी चाहिए शरीर में किसी भी तरह का बीमारी होने पर उनका चेकअप कराकर डॉक्टर के सलाह से इलाज करना चाहिए। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, सहसचिव संजय चौधरी एवं अनामिका भारती ने कहा कि प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना स्वास्थ चेकअप करवा कर अपने बीमारी का यहां डॉक्टर के इलाज से स्वस्थ हो रहे हैं। यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगायी जाती हैं। शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, संजय चौधरी, अनामिका भारती, अंजलि सर्राफ, अतुल सर्राफ, शारदा देवी,तपेश्वर प्रसाद अग्रवाल,गौरी शंकर चौधरी, सुनैना देवी,दीपक राय, अशोक अग्रवाल,प्रदेशिमा उरांव, गुंजन भारती, नीलम देवी,राजू अग्रवाल, अनिल साहू,सैलानी देवी, अंजू देवी, बजरंग महतो, संध्या देवी, केशव महतो,माधुरी देवी, बृजेश सिंह,दुर्गा प्रजापति, रमेश शर्मा, रामप्रसाद कसेरा, सूरज साहू, साणीउल्लाह अंसारी, रामचंद्र गिरी, शंभू सिंह,कृष्ण प्रसाद, देवनारायण प्रसाद राय, रैमुन्नी देवी आदि उपस्थित थे।

## लातेहार के पदाधिकारी अपने रिश्तेदारों को रिक्त पदों पर रख रहे : आर्सेन तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रखंड अध्यक्ष आर्सेन तिर्की ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि लातेहार सदर प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा मनमानी तरीका से दूसरे प्रखंड के मनिका का, प्रज्ञा केंद्र संचालक विनोद यादव को बिना किसी के जानकारी दिये मनरेगा ऑपरेटर के पद पर बहाल कर दिये है। जब ये सब बात मुझे एवं जिला परिषद बिनोद उरांव को पता चला तो हम दोनों ने अखबार के माध्यम से उपायुक्त एवं उपविकास आयुक्त को जानकारी दिया। यह समाचार एक सप्ताह लगातार अखबार में एवं टीवी चैनल में प्रकाशित हुआ। इसके बाद मैं लिखित, शिकायत बीडीओ, डीडीसी साहब को दिया। इसके बाद भी कोई ठोस कदम इन पदाधिकारीयों के द्वारा नहीं लिया



गया। जब की लातेहार प्रखंड में 18 पंचायत साथ में नगर पंचायत के 15 वार्ड है। यहां के युवक बेरोजगारी के माहौल में खुद अपना भविष्य बर्बाद कर रहे है। इतना बेरोजगारी है की लोग पढ़, लिख कर बाहर कमाने जा रहे है। यह सब नहीं दिखा पदाधिकारी गणों को। क्या जरुरत आन पड़ा की दूसरे प्रखंड के प्रज्ञा केंद्र संचालक को लातेहार ब्लॉक में ऑपरेटर में बहाल करना। इससे साफ जाहीर होता है कि रुपये की लेन देन कर- के बहाल किया गया है। क्योंकि इतना शिकायत के बाद भी किसी पदाधिकारी के कान में जू तक नहीं रेंगा।

जब जनप्रतिनिधि, और पार्टी पदाधिकारी के शिकायत के बाद भी पूर्ण पारदर्शिता के साथ बहाली करने पर विचार नहीं बना तो मैं खुली चुनौती के साथ झारखंड सरकार से कहना चाहता हूं कि जिला एवं लातेहार ब्लॉक को इन लोगों के नाम से रजिस्ट्री कर दिया जाये ताकि लातेहार जिला में जितना भी खाली पड़ा हुआ पद है। उन सभी पदों में अपना बेटा, भतीजा, भाई, बहन, रिश्तेदारों की बहाली मनमाने तरीका से कर सके और अपने मन मर्जी के अनुसार जिला चला सके। जब किसी जनप्रतिनिधि, सरकार के पार्टी पदाधिकारी की शिकायत नहीं सुनना है और नहीं करवाई करना है तो जिला प्रशासन को दिखावा का डुग्गी ड्रामा बंद कर देना चाहिए

## तीन इसीबी योजना के नाम पर एक लाख रुपये का गबन, जांच की मांग

डिम्पल राजा

**मनिका/ लातेहार।** विकास योजनाओं खासतौर से मनरेगा में बिचौलिए वगैर कार्य कर सरकारी राशि गबन कर रहे हैं। जिसमें पंचायतकर्मियों एवं सरकारी अधिकारियों की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता है। हालिया मामला नामुदाग पंचायत के चेचेंधा गांव का है। जहां मोहन यादव उसकी पत्नी कमली देवी एवं बेटा सुनील यादव तीनों के नाम से अलग-अलग तीन इसीबी योजनाएं मनरेगा के अंतर्गत स्वीकृत की गयी हैं। जिसमें प्रत्येक योजना की लागत 50 हजार है। एक इसीबी योजना संचालित करने के लिए एक एकड़ जमीन की आवश्यकता होती है। जबकि लाभुक के पास उतनी जमीन उपलब्ध है ही नहीं। तो सवाल है कि एक ईसीबी योजना के लिए प्रयाप्त जमीन उपलब्ध नहीं है, तो उसमें तीन योजनाएं कैसे संचालित की गयी। तीनों योजनाओं में अब तक फर्जी दस्तावेजों के जरिये 100392 राशि बिचौलियों ने हड़प ली है। यादव परिवार के पास योजना क्रियान्वयन के लिए इतनी जमीन है ही नहीं। विगत 7 अक्तूबर तक मोहन यादव बार-बार नकारता रहा कि उनके जमीन में जो कि मात्र 29 डि क्षेत्रफल में सिर्फ बरसात के पूर्व ही कुछ इसीबी के



गढ्ढे खोदे गये थे। योजना (कोड- - 3645991) में वास्तविक कार्य करने वाले मजदूरों के नाम नन्हक यादव, संजय यादव, विजय यादव और प्रदीप यादव हैं। इन सबके अतिरिक्त किसी ने उनके योजना में कार्य नहीं किया है। पत्नी के नाम से योजना (कोड 3646004) एवं बेटे के नाम से निर्माण (कार्य कोड 3945783) में किसी भी तरह का कार्य नहीं किया गया है, जबकि उन दोनों के नाम पर क्रमशः 12 एवं 18 फर्जी मजदूरों के नाम दर्ज कर कुल 69372 रुपए गबन किये गये है। तीनों योजनाएं अप्रैल एवं मई 2025 में क्रियान्वित दिखाया गया है। जबकि इस अवधि में अमृत यादव (आईडी-11370) पंजाब में, सरयू यादव (आईडी-53593) और इंद्रदेव यादव (आईडी-99998) केरल में पलायन किए हुए हैं। योजना में ठेकेदारी की भूमिका में चेचेंधा निवासी अर्जुन यादव का नाम सामने आ रहा है। योजनाओं के स्थलीय जांच की भनक लगते ही आनन-फानन में 8 अक्टुबर को आनन-फानन में सरसों बुने हुए जमीन में दिखावा के लिए टीसीबी खोदा जा रहा है जबकि योजना इसीबी खुदाई का है। गडढों की साइज भी महज 9 *2.6*1.6 है। झारखंड सरकार सोशल ऑडिट सोसायटी कार्यकारणी समिति सदस्य जेम्स हेरेंज ने धरातल पर स्वयं पहुंचकर अनियमितता से संबंधित एक-एक बारीकियों की जांच की है। कानूनी प्रावधानों के तहत 10 तारीख को ही प्रखंड विकास पदाधिकारी, मनिका को जाँच रिपोर्ट सौंपकर प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की थी। परंतू अधिकारी के स्तर से कोई कार्रवाई न होना इस बात के संकेत हैं कि भ्रष्टाचार रोकने में उनकी कोई रूचि नहीं है। अर्थात भ्रष्टाचारियों को अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। ऐसा नहीं रहता तो कानूनी प्रावधानों के अनुसार 7 कार्य दिवसों के अन्दर शिकायतों की जांच कर कार्रवाई के लिए अधिकारी बाध्य होते। उन्होंने यह भी बताया कि प्रखंड की उदासीनता के विरुद्ध जिले के उपायुक्त को भी वित्तीय गड़बड़ी की जांच हेतु आवेदन लिखा गया है। जल्द ही मनरेगा आयुक्त को भी शिकायत पत्र सौंपा जायेगा।

## शिक्षक ने छात्र को पीटा, पिता ने लिया बदला, शिक्षकों में रोष

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** घटना शनिवार की है जब जिले के छतर बगीचा स्थित एक निजी विद्यालय में एक अभिभावक पहुंचे और स्कूल के शिक्षक को अचानक पिटाई करने लगे जिस पर स्कूल के प्रधानाध्यापक द्वारा बीच बचाव कर मामला शांत कराया गया। वहीं अभिभावक द्वारा धमकी के साथ उनके साइकिल का हवा भी निकाल दिया गया। हालांकि मामले को लेकर शिक्षक उमेश कुमार साहू लोहरदगा थाना पहुंचे और आवेदन दे कर उचित कार्रवाई की मांग किया है। शिक्षक ने बताया कि स्कूल के सातवीं कक्षा में शिक्षक द्वारा इंग्लिश का क्लास लिया जा रहा था। छात्र क्लास के समय सो रहा था। शिक्षक द्वारा उठाया गया। समझाते हुए डांट फटकार लगायी, जिसपर छात्र शिक्षक के मुंह लगने लगा तभी शिक्षक ने बालक की पिटाई कर दी। छात्र ने इसकी शिकायत घर पहुंच अपने पिता से किया जिसके बाद अभिभावक विक्रम साहू स्कूल के कार्यालय में पहुंचे और बिना कारण पूछे शिक्षक की पिटाई कर दिये। जिससे शिक्षकों में काफी रोष है। शिक्षक उमेश साहू का कहना है कि वे बच्चा को पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए बोल रहे थे। वहीं स्कूल प्रबंधक दिनेश सिंह ने बताया कि शिक्षक द्वारा बच्चे को मारपीट करना आरटीइ का उल्लंघन है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी अभिभावक द्वारा शिक्षक के ऊपर हाथ उठाना शोभनीय नहीं है। क्या शिक्षकों को स्कूलों में बच्चों को पीटने का अधिकार है? भारत में बच्चों के अधिकारों को लेकर विशेष कानून (आरटीइ) अधिनियम, 2009 में बनाया एवं लागू किया गया है। भारत में बच्चों के लिए लाये गये निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा (आरटीइ) अधिनियम, 2009 में शारीरिक सजा और मानसिक प्रताड़ना को रोकने का प्रावधान है।

## धनतेरस पर लातेहार में एक करोड़ से अधिक के कारोबार का अनुमान

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** लातेहार धनतेरस के अवसर पर रविवार को लातेहार का बाजार ग्राहकों से गुलजार रहा। बाजार में जमकर धन की वर्षा हुई। धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर लोग दिन भर जरूरत के सामानों सहित अन्य सामानों की खरीददारी करते रहे।

धनतेरस बाजार में सबसे अधिक बिक्री सोना चांदी के जेवरात, बर्तन, होम अप्लायंसेज, दो पहिया और चार पहिया वाहनों के साथ ही फर्नीचर, अलमारी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, मोबाइल सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की हुई। इसके साथ ही गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियों की बिक्री भी अच्छी खासी हुई। लोगों ने जेवरात के साथ ही चांदी के सिक्कों की खरीदारी में भी विशेष रुचि दिखायी। बाजार में ग्राहकों की भीड़ को देख दुकानदार भी काफी उत्साहित नजर आए।



मान्यता है कि धनतेरस के दिन झाड़ू खरीदने से लक्ष्मी और समृद्धि आती है। यही कारण है कि धनतेरस के अवसर पर बाजारों में सबसे अधिक बिक्री झाड़ू की हुई। हर आम से लेकर खास ने झाड़ू की खरीदारी की। बाजार में 40 रूपए से लेकर दो सौ रुपए तक के झाड़ू उपलब्ध थे।

लातेहार चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष सुशील अग्रवाल ने कहा कि सोने चांदी की जेवरातों के साथ ही दो पहिया और चार पहिया वाहनों की भी अच्छी बिक्री हुई है। इसलिए अनुमान है कि धनतेरस बाजार में करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार पूरे जिले भर में हुआ होगा। जिला मुख्यालय के अलावा चंदवा, बालूमाथ, हेरहंज, बारियातू, मनिका, बरवाडीह, गारू और महुआडांड़ प्रखंड क्षेत्र में भी धनतेरस का बाजार ग्राहकों से गुलजार रहा।

धनतेरस पर जिला मुख्यालय के मेन रोड में ग्राहकों की भीड़ के कारण बार-बार यातायात की समस्या उत्पन्न हो रही थी। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए पुलिसकर्मियों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

## बलराम प्रसाद बने राजद पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार राष्ट्रीय जनता दल राजद झारखंड पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने बलराम प्रसाद साहू को लातेहार जिला अध्यक्ष के रूप में मनोनीत किया है। श्री साहू के जिला अध्यक्ष बनने पर पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त किया है। राजद जिलाध्यक्ष रामप्रवेश यादव ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि बलराम साहू के नेतृत्व में पार्टी लातेहार में और अधिक मजबूत होगी। बधाई देने वालों में प्रदेश महासचिव अजय चंद्रवंशी, प्रदेश सचिव रंजीत यादव, सुरेश राम, मोहर सिंह यादव, राजू रंजन प्रसाद, जिला उपाध्यक्ष भोला सिंह, जितेंद्र यादव, अजीत श्रीवास्तव, विश्वनाथ उरांव, निजाम अंसारी, दामोदर यादव, मोहम्मद राशिद खान, प्रीतलाल यादव, जितेंद्र यादव, आदित्य कुमार, संतोष यादव, चेतन कुमार सहित कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

## बरवाडीह में कराटे चैंपियनशिप का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** रविवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित उत्तम मैरिज हॉल में स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन ऑफ झारखंड और झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में चौथी लातेहार जिला कराटे चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया। चैंपियनशिप में जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए जूनियर, सीनियर, बालक एवं बालिका वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी रिया कुमारी, आरुष कुमार, आदर्श कुमार, अमन कुमार, पुनिता कुमारी, रेखा कुमारी, उत्कर्ष कुमार, रविकांत



कोरवा, कृष्णा कुमार सहित अन्य खिलाड़ियों को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर, नेशनल जज व प्रेसिडेंट मदन लाल, टूर्नामेंट कोऑर्डिनेटर रमेश कुमार, सीइओ संगीता टोपनो तथा रेफरी जंग बहादुर सिंह द्वारा पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि संतोषी शेखर ने अपने संबोधन में कहा कि लातेहार कराटे एसोसिएशन लंबे समय से प्रखंड के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को निखारने का कार्य कर रही है। जिला स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन कर एसोसिएशन ने क्षेत्र में खेलों को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से युवाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं। वहीं एसोसिएशन के प्रेसिडेंट व नेशनल रेफरी मदन लाल ने कहा कि कराटे केवल आत्मरक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि यह खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर के मंच तक पहुंचाने का जरिया है। खिलाड़ियों और पूरी टीम के सहयोग से आज जिला ही नहीं, बल्कि राज्य स्तर की प्रतियोगिताएं भी इस क्षेत्र में आयोजित हो रही हैं। कार्यक्रम में इंजीनियर मृत्युंजय कुमार सिंह, राहुल राम, रंजन सिंह, फूलचंद सिंह बंटी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## औरंगा नदी से बालू उठाव जारी

**लातेहार (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला मुख्यालय स्थित औरंगा नदी के छठ घाट से अवैध रूप से बालू उठाव का सिलसिला लगातार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार की सुबह करीब चार बजे से आधा दर्जन ट्रैक्टरों द्वारा बालू की ढुलाई की जा रही थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि बालू माफियाओं ने अवैध खनन को सुगम बनाने के लिए नवोदय विद्यालय के पीछे से नयी कच्ची सड़क भी तैयार कर ली है, ताकि प्रशासनिक निगरानी से बचा जा सके। ग्रामीणों ने इस अवैध गतिविधि पर रोक लगाने और संबंधित विभागों से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## जमीन के विवाद को लेकर मारपीट, महिला घायल



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेलपहाड़ी गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसकी पहचान आइसा बीबी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि आइसा बीबी अपने खेत में धान काट रही थी। तभी गोतिया पक्ष के जाकिर अंसारी, हाफिज अंसारी सहित अन्य महिला-पुरुषों ने लाठी-डंडों से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद परिजनों ने 100 नंबर पर कॉल कर पुलिस से सहायता मांगी। उधर, सूचना मिलते ही भवनाथपुर थाना के एएसआई जगत बंधु महतो मौके पर पहुंचे और घायल महिला को भवनाथपुर सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक डॉ फैयाज अहमद इलाज कर रहे हैं। बताया जा रहा कि पीड़िता के घर के सभी पुरुष विदेश (मुस्लिम कंट्री) में कार्यरत हैं। घर पर केवल महिलाएं और वृद्ध ससुर रहते हैं। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

### कांग्रेस के जिला प्रभारी ने ज्वलंत समस्याओं को लेकर कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

## कांग्रेस को मजबूत बनाने का हम सभी को मिलकर करना है प्रयास : रामचंद्र सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला कांग्रेस प्रभारी विधायक रामचंद्र सिंह रविवार को गढ़वा पहुंचे। उन्होंने परिसदन में नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। जिसकी अध्यक्षता ज़िला कांग्रेस के अध्यक्ष इंजीनियर ओबैदुल्लाह हक अंसारी ने की। इसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ संगठन के सशक्तिकरण एवं जिले की ज्वलंत समस्या पर विस्तार से चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने यहां की सबसे बड़ी परियोजना पम्प नगर योजना से विधायक को अवगत कराया। यह योजना लंबे समय से लंबित है, जिसे जिले के किसानों को मूल रूप से लाभान्वित होना है। दूसरी समस्या, गढ़वा-शाहपुर रोड जो प्रमंडल एवं राज्य मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क है जिसके मरम्मती, धुरकी गांव के मुख्य बस्ती होते हुए अमानत मियां के घर तक पथ एवं नाली निर्माण, गढ़वा-रंका पथ का टेंडर हुए लगभग ढाई साल पूर्व होने के बाद भी आज तक ठेकेदार द्वारा कम शुरू नहीं कराये जाने एवं सड़क की जर्जर स्थिति से भी अवगत कराया गया। लगे हाथ कार्यकर्ताओं को मनरेगा से जोड़ने की भी मांग की गयी। विधायक ने कार्यकर्ताओं द्वारा उठाए गए छोटे-बड़े मुद्दे को ध्यान से सुनने के बाद निष्पादन के लिए प्रयास करने की बात कही। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि अब लगातार गढ़वा आते रहेंगे और उनके (कार्यकर्ताओं) के संपर्क में रहेंगे। कहा कि हम सब मिलकर कांग्रेस को मजबूत करेंगे एवं राहुल गांधी के संगठन सृजन को अमली जामा पहनाएंगे। इस मौके पर वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र नाथ तिवारी, उदय नारायण तिवारी, परमा पांडेय, प्रभात दुबे, वरिष्ठ नेता त्रिपुरारी सिंह, बजेंद्र चौधरी, जिला अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष खुर्शीद आलम, ऋषभ चंद्रवंशी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी मोसाहिद हुसैन, प्रियरंजन, अफसर अली, गंगा राम और समीर अंसारी आदि उपस्थित थे।



कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते कांग्रेस के गढ़वा जिला प्रभारी विधायक रामचंद्र सिंह एवं अन्य।

## आरके पब्लिक स्कूल में सीबीएसइ शिक्षक कार्यशाला का आयोजन




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आरके पब्लिक स्कूल में सीबीएसइ पटना की ओर से क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी) के तहत 'आर्ट इंटिग्रेशन' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें आरकेपीएस गढ़वा, आरकेपीएस उंचरी और आरकेपीएस अधौरा श्रीवंशीधर नगर स्कूल के 60 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। रिसोर्स पर्सन के रूप में आरकेपीएस उंचरी के प्राचार्य केआर झा और ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल मेदिनीनगर की रवीना उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के निदेशक सह शिक्षाविद् अलखनाथ पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक ने कहा कि केवल शिक्षक और छात्र ही महत्वपूर्ण भूमिका नहीं निभाते, बल्कि माता-पिता भी उतने ही महत्वपूर्ण हितधारक होते हैं। मनोयोग, निष्ठा, लगन और कर्तव्य के प्रति ईमानदारी ही सफलता का मूलमंत्र है। कार्यशाला में इस बात पर जोर दिया गया कि कैसे संगीत, नृत्य, नाटक और दृश्य कलाओं को रोजमर्रा के पाठों में सहजता से शामिल कर सीखने को और अधिक रोचक बनाया जा सकता है। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को अधिक रचनात्मक, रोचक और आकर्षक तरीके से सीखने में मदद करना था। इसमें संगीत, नृत्य, नाटक और दृश्य कलाओं को पाठ्यक्रम में शामिल करने की रणनीतियां बताई गईं, ताकि छात्र अवधारणाओं को बेहतर ढंग से समझ सकें और अपनी रचनात्मकता का उपयोग कर सकें। कक्षा में सक्रिय शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए उपकरण और तकनीकें प्रदान करना था। इस तरह की कार्यशालाएं शिक्षकों-छात्रों को बेहतर ढंग से संलग्न करने और सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने में मदद कर सकती हैं। नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक है। इसमें शिक्षण एवं सिखाने की प्रणाली में व्यापक बदलाव आया है। इसलिए बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों में शामिल करें। यह बच्चों को सफलता की राह पर ले जाएगा।

## 10 वर्षीय आतिफ मीर की मौत जिला प्रशासन और खनन विभाग की भ्रष्ट व्यवस्था का परिणामः आरिफ

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** हुसैन नगर के 10 वर्षीय आतिफ मीर की तालाब में डूबने से हुई मौत पर कांग्रेस के जिला प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। कहा कि यह कोई सामान्य हादसा नहीं, बल्कि जिला प्रशासन और खनन विभाग की वर्षों से चली आ रही लापरवाही और भ्रष्ट व्यवस्था का परिणाम है। जिस तालाब में बच्चा डूबा, वह प्राकृतिक नहीं, बल्कि अवैध खनन से बने मौत के गड्ढों में से एक है। जिन्हें खनन माफिया ने पत्थर निकालने के बाद यूं ही छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि खनन विभाग की ओर से पट्टाधारियों को सिर्फ पहाड़ तोड़ने की अनुमति होती है। लेकिन माफियाओं ने विभाग की मिलीभगत से जमीन के नीचे गहराई तक खुदाई की। जिससे शहर के चारों ओर खतरनाक खाइयां बन गईं। यह हादसा उसी गैरजिम्मेदारी का परिणाम है। कहा कि ऐसे कई गड्ढे अब भी खुले हैं और किसी भी दिन फिर किसी मासूम की जान ले सकते हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने जिला प्रशासन से पीड़ित परिवार को तुरंत आर्थिक सहायता एवं मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही सभी अवैध खनन स्थलों की तुरंत पहचान कर उन्हें भरने, सुरक्षा बाड़ लगाने और संबंधित विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने की मांग की है।

## मौत को दावत दे रहा नहर किनारे का ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में आक्रोश

**सगमा/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सगमा प्रखंड के बीरबल पंचायत भवन से लगभग 100 मीटर दक्षिण दिशा में स्थित बीरबल चौक के पास बिजली विभाग की गंभीर लापरवाही सामने आई है। यहां नहर किनारे जमीन पर रखा ट्रांसफार्मर ग्रामीणों के लिए खतरा बना हुआ है। इस ट्रांसफार्मर में 11000 वोल्ट का नंगा तार जुड़ा है, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि यह ट्रांसफार्मर कई वर्षों से इसी स्थिति में पड़ा है। बार-बार शिकायत के बावजूद विभाग ने अब तक इसे सही स्थान पर स्थापित करने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया है। आसपास के लोगों का कहना है कि बारिश के समय नहर का पानी बढ़ जाने से खतरा और भी बढ़ जाता है, क्योंकि बिजली का करंट जमीन में फैलने का डर बना रहता है। स्थानीय ग्रामीण राजू कुमार, दया कुमार गुप्ता, विजय गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता, नागेंद्र प्रजापति, मणि शंकर विश्वकर्मा, शंभु विश्वकर्मा, राकेश विश्वकर्मा, धनंजय गुप्ता और सुनील विश्वकर्मा ने बताया कि जब भी बिजली विभाग के अधिकारी या कर्मचारी निरीक्षण के लिए आते हैं, तो वे इस समस्या की ओर कई बार ध्यान आकर्षित करा चुके हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही ट्रांसफार्मर को सुरक्षित स्थान पर स्थापित नहीं किया गया और नंगे तारों को कवर नहीं किया गया, तो वे बिजली विभाग के खिलाफ धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। लोगों ने जिला प्रशासन और बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से गुहार लगाई कि इस गंभीर खतरे को तत्काल दूर किया जाए, ताकि किसी भी अनहोनी से बचा जा सके।



## टीबी बीमारी से ग्रस्त 16 साल की असरीता कुमारी को पढ़ाई तक छोड़नी पड़ी, मांगी मदद




**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के घाघरा पंचायत अंतर्गत कोचा गांव निवासी राम उरांव की 16 वर्षीय पुत्री असरीता कुमारी यक्ष्मा (टीबी) जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित है। बीमारी के कारण कक्षा छह तक पढ़ाई करने के बाद उसे छोड़नी पड़ गयी है। यह मामला तब प्रकाश में आया जब सिसई रेफरल अस्पताल परिसर में यक्ष्मा रोगियों के बीच दवा और पोषण किट का वितरण किया जा रहा था। असरीता कुमारी ने बताया कि पहले उसे सर्दी-खांसी हुआ था इसके बाद अचानक बीमारी बढ़ गयी। जिस कारण शरीर में भारी कमजोरी रहती है। इस कारण उसे चलने-फिरने में दिक्कतें भी होती है। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजन ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है।

## बीएनटी सेंट मेरी स्कूल के बच्चों ने डोनेशन ड्राइव में दिखाया उत्साह



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** बीएनटी सेंट मेरी स्कूल के विद्यार्थियों ने इस साल भी दिवाली से पूर्व सामाजिक सेवा का प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया। विद्यालय की ओर से आयोजित 'डोनेशन ड्राइव' कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों ने जरूरतमंदों के बीच फल, कपड़े, खिलौने, कंबल और अन्य आवश्यक सामग्री का वितरण किया। यह कार्यक्रम बाजार समिति के निकट स्थित झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र में रहने वाले वंचित परिवारों के बीच आयोजित किया गया। विद्यालय के निदेशक एवं प्रधानाचार्य खुद उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के इस मानवीय प्रयास की सराहना की। विद्यालय के निदेशक उमाकांत तिवारी ने कहा कि असली दिवाली वही है जब हम समाज में सामाजिक समरसता और मानवता का परिचय दें। उन्होंने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि त्योहार का सच्चा आनंद दूसरों के चेहरे पर मुस्कान लाने में निहित है। जबकि प्रधानाचार्य अमित तिवारी ने कहा कि केवल पुस्तकीय ज्ञान ही नहीं, बल्कि ज्ञान का बोध और उसका व्यावहारिक प्रयोग भी समान रूप से आवश्यक है। कहा कि इस प्री-दीवाली डोनेशन ड्राइव के माध्यम से विद्यार्थियों ने यह सिद्ध किया कि वे न केवल अच्छे विद्यार्थी हैं, बल्कि संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक भी हैं। इस कार्यक्रम में विशेषकर सीनियर वर्ग नवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे, जिनके निर्देशन में यह डोनेशन ड्राइव सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टन स्कूल के बच्चों ने बनायी आकर्षक रंगोली

**मेराल (आजाद सिपाही)।** बंका रोड स्थित एसजीएन मॉडर्न किंडर गार्टन स्कूल में दीपावली के शुभ अवसर पर बच्चों के बीच रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें बच्चों ने कई आकर्षक रंगोली बनाकर प्रतियोगिता को रोमांचक बना दिया। विद्यालय के निदेशक धर्मेंद्र देव ने बताया कि रंगोली बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरक है। रंगोली का धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक महत्व है। यह समृद्धि, सौभाग्य और स्वागत का प्रतीक है। इसे देवी-देवताओं को प्रसन्न एवं आकर्षित करने, नकारात्मक ऊर्जा को दूर भगाने और सकारात्मकता लाने के लिए बनाया जाता है। दीपावली के अवसर पर रंगोली बच्चों को अपनी रचनात्मकता और कौशल दिखाने का एक अच्छा अवसर भी प्रदान करता है और उत्सवों में खुशी लाता है। इस मौके पर करण कुमार, रामाशीष राम, राहुल कुमार, संजय कुमार ठाकुर, पूजा कुमारी, सिमरन कुमारी, संजय कुमार गुप्ता, पंकज चौधरी, दुर्गेश राम आदि उपस्थित थे।



## वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल



**गुमला (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के खरका बांकी नदी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार देवीडीह पतरा टोली निवासी दशेंद्र उरांव और जितेंद्र उरांव गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को रविवार की शाम छह बजे सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के बाद गंभीर रूप से घायल जितेंद्र उरांव को डॉक्टर ने रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया। उसका एक पैर टूट गया है। जबकि शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट भी लगी है। जानकारी के मुताबिक दोनों युवक बाइक से टोटाम्बी बाजार गए थे। वहां से अपने घर लौट रहे थे तभी खरका बांकी नदी के समीप पीछे से एक अज्ञात वाहन टक्कर मारते हुए फरार हो गया।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत भाजपा का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** जिला भाजपा कार्यालय में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत विधानसभा सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व डीजीपी व पलामू सांसद बीडी राम उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत लोगों से तथा भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे विदेशी वस्तुओं को छोड़कर देशी वस्तुओं पर फोकस करें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से आह्वान किया है कि भारत निर्मित वस्तुओं का उपयोग करें, ताकि भारत शक्तिशाली और समृद्धिशाली देश बन सके। उन्होंने कहा कि हमें आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रदीप सिंह, जिला महामंत्री डॉक्टर मृत्युंजय कुमार सिंह, प्रभुनाथ सिंह, जिला मंत्री वीरेंद्र कुमार मुन्ना, जिला उपाध्यक्ष विद्यासागर आर्य, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री अमित साहू, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष सुनील चौरसिया, एसटी मोर्चा अध्यक्ष भेखलाल मुंडा, जिला मंत्री चम्पा सबरी सहित, प्रभु दयाल सिंह, मीडिया प्रभारी काली यादव, सह मीडिया प्रभारी अमित सिंह, सभी मंडल अध्यक्षगण, सभी कार्यसमिति के सदस्य, जिला कोषाध्यक्ष आनंद तांबी व कई प्रमुख नेता तथा सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया और पीएम मोदी के आवाहन पर देश के विकास में अपना योगदान देने का प्रण लिया। मंच का संचालन जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता तथा समापन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुबोध सिंह गुड्डू ने किया।

## सस्ती लोकप्रियता के लिए गढ़वा में भाजपा के विकास को अपना बताने में जुटे हैं झामुमो के नेताः रितेश चौबे

### कहा, झामुमो पोस्टर बनाकर सोशल मीडिया पर कर रहा अपना प्रचार

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने राज्य की सत्तारूढ़ झामुमो पर जुबानी हमला किया। आरोप लगाया कि झामुमो के नेता-कार्यकर्ता गढ़वा में चुनाव हारने के बाद भी सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए हाथ-पैर मार रहे हैं। कहा कि गढ़वा में भाजपा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के प्रयास से ही विकास का काम हो रहा है, लेकिन झामुमो के नेता-कार्यकर्ता सड़क निर्माण का पोस्टर बनाकर अपने नाम से सोशल मीडिया पर चला रहे हैं। उन्हें पता होना चाहिए कि भाजपा विधायक-सांसद के प्रयास से ही विकास का काम हो रहा है। कहा कि झामुमो जनता को भ्रमित कर झूठी उपलब्धि पाने का प्रयास कर खुद अपना मजाक उड़ा रहे हैं। पर जनता सब जानती है। वह झामुमो के भ्रम जाल में नहीं आने वाली। जब गढ़वा से झामुमो के विधायक हुआ करते थे उस समय भी केंद्र सरकार की योजनाओं को अपना बताकर झूठे विकास को ढिंढोरा पीटा करते थे। कहा कि गढ़वा के भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी विपक्ष में रहते हुए भी गढ़वा के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं, लेकिन हास्यास्पद बात है कि झामुमो के लोग उसमें भी अपनी ही उपलब्धि गिनाने में लगे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि झामुमो सरकार में जनता का कोई काम नहीं हो रहा है। अधिकारी-पदाधिकारी फंड का रोना रो रहे हैं। पंचायत प्रतिनिधियों को फंड नहीं मिल रहा है। शहरी क्षेत्र में विकास का काम ठप पड़ चुका है। हेमंत सरकार वृद्धा, विधवा और दिव्यांग पेंशन तक नहीं दे पा रही है। इसके लिए झामुमो के लोग मौनी बाबा बने हुए हैं। लेकिन जब भाजपा विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी के प्रयास से गढ़वा में कोई काम हो रहा है तो झामुमो के लोग पोस्टर बनाकर अपना बताने के लिए तैयार हो जाते हैं। कहा कि झामुमो के झूठ का पुलिंदा अब गढ़वा में नहीं चलेगा। जनता जाग चुकी है।






## इस दीपावली मिट्टी के ही दीये को जलायें : रमेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मिट्टी के दीये को तेल और बाती से जलाकर इस दीपावली को रोशन करें। उक्त बातें फेडरेशन चेंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने कही। उन्होंने कहा कि मिट्टी का एक दीया केवल स्वदेशी व्यापार ही नहीं, कई लोगों के लिए एक वर्ष की संयोजी हुई उमीद है। उन्होंने यह भी कहा कि हम वर्ष में एक बार मनाई जाने वाली दिवाली अगर मिट्टी के दीये के साथ नहीं मानते हैं तो यह अपने आसपास के छोटे व्यवसायियों के साथ नाइंसाफी है। क्योंकि दीया के साथ ही रुई की बाती करंज या सरसों का तेल और उसके साथ ही आपस का व्यवहार सब कुछ एक तराजू में तोला जाता है। कहा कि त्योहारों के मौसम में ऑनलाइन खरीदारी न करके स्थानीय दुकानदारों से अपने जरूरत की चीजों को खरीदें, ताकि स्थानीय व्यापार को बढ़ावा मिले। अगर हम ऑनलाइन खरीदारी करते हैं तो शहर का पैसा शहर में रोलिंग ना कर सीधे बड़ी-बड़ी कंपनियों में जमा हो जाता है। जिससे शहर का व्यापार प्रभावित होता है और व्यापार प्रभावित होने से स्थानीय शिक्षा स्थानीय जीवन सब कुछ प्रभावित हो जाता है। उन्होंने स्थानीय लोगों से स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने की अपील की।

## बगराम की महत्वाकांक्षा

बगराम एयरबेस पर छिड़ी बहस ने एक बार फिर अफगानिस्तान को वैश्विक रणनीतिक गणनाओं के केंद्र में ला खड़ा किया है। अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस बेस पर नियंत्रण वापस पाने की फिर से की गयी मांग, जिसे देश ने 2021 में अपनी जल्दबाजी में वापसी के दौरान छोड़ दिया था, ने पूरे क्षेत्र में व्यापक चिंता और विरोध को जन्म दिया है। पहली नजर में जो अमेरिकी सैन्य महत्वाकांक्षा का एक अलग-थलग दावा लग सकता है, वह वास्तव में चीन को नियंत्रित करने और उस क्षेत्र में अमेरिकी प्रभाव को फिर से स्थापित करने की वाशिंगटन की व्यापक रणनीति से गहराई से जुड़ा है, जहां उसकी उपस्थिति में तेजी से गिरावट आयी है। फिर भी अधिकांश क्षेत्रीय शक्तियों-भारत, चीन, रूस, ईरान और यहां तक कि पाकिस्तान के लिए ट्रंप के इस कदम को एक अस्थिरकारी प्रस्ताव के रूप में देखा जा रहा है, जो पुराने जख्मों को फिर से कुरेदने और नई रणनीतिक अनिश्चितताएं पैदा करने का जोखिम उठाता है। जब अमरीका ने 2020 में तालिबान के साथ दोहा समझौते पर हस्ताक्षर किये तो यह अफगानिस्तान में उसके लंबे और महंगे जुड़ाव में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। खुद ट्रंप, जिन्होंने इस समझौते पर बातचीत की, ने इसे अमरीका के हमेशा चलने वाले युद्धों को समाप्त करने का एक रास्ता बताया। हालांकि, उनकी चुनावी हार के बाद, वास्तविक वापसी की देखरेख राष्ट्रपति जो बाइडेन ने की जिन्होंने 2021 में यह वापसी पूरी की। अब, 4 साल बाद ट्रंप द्वारा बगराम को वापस पाने के बार-बार आह्वान ने रणनीतिक चिंताओं को फिर से जगा दिया है। 2025 में कई मौकों पर उन्होंने सार्वजनिक रूप से इस अड्डे को बिना किसी कीमत के छोड़ने पर खेद व्यक्त किया है और जोर देकर कहा है कि अमेरिका इसे वापस चाहता है। अमेरिकी दृष्टिकोण से, बगराम तक पहुंच पुनः प्राप्त करने से एक अग्रिम-संचालन स्थिति फिर से स्थापित होगी जहां से वह चीनी गतिविधियों पर नजर रख सकेगा, मध्य एशिया में प्रभाव स्थापित कर सकेगा और उस क्षेत्र में अपनी पकड़ बनाये रख सकेगा जहां अब प्रतिद्वंद्वी शक्तियों का दबदबा है। पेंटागन और ट्रंप के रणनीतिक सलाहकारों के लिए, बगराम एक पुनर्जीवित नियंत्रण रणनीति का एक महत्वपूर्ण घटक साबित हो सकता है, जो सोवियत संघ के खिलाफ इस्तेमाल किये गये शीत युद्ध के दृष्टिकोण की याद दिलाती है। हालांकि, आज का क्षेत्रीय परिवेश शीत युद्ध के समय से काफी अलग है। पाकिस्तान जो कभी सोवियत-अफगान युद्ध और 9/11 के बाद के हस्तक्षेपों के दौरान अमरीकी अभियानों का एक प्रमुख सूत्रधार था, अब चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे के तहत चीन के साथ घनिष्ठ रणनीतिक सांझेदारी का आनंद ले रहा है। इस्लामाबाद के लिए, बीजिंग को निशाना बनाकर किसी भी अमरीकी सैन्य उपस्थिति की अनुमति देना राजनीतिक और रणनीतिक रूप से अव्यावहारिक है।

**पेंटागन और ट्रंप के रणनीतिक सलाहकारों के लिए, बगराम एक पुनर्जीवित नियंत्रण रणनीति का एक महत्वपूर्ण घटक साबित हो सकता है, जो सोवियत संघ के खिलाफ इस्तेमाल किये गये शीत युद्ध के दृष्टिकोण की याद दिलाती है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**सोशल मीडिया पर इन कंपनियों द्वारा भारत से लूटे जा रहे अरबों-खरबों रुपयों की बहस छिड़ी रहती है। कोई 38,000 करोड़ रुपए कहता है, कोई 45,000 करोड़ पर असली खेल पैसों का नहीं बल्कि डेटा का है! एनएसइ में सूचीबद्ध कंपनियों ने पिछले साल लगभग 1,903 करोड़ ऑडिट फीस दी, जिसमें से बिग फोर का हिस्सा 550-600 करोड़ रुपये था। यह रकम भले ही छोटी लगे, पर इसका महत्व कुबेर के खजाने से कम नहीं। ये फर्में जानती हैं कि कौन सी भारतीय कंपनी कहां से कच्चा माल खरीदती है, किस भाव बेचती है, किस सैक्टर में हमारी ताकत है और कहां हमारी नसें कमजोर हैं।**

# हम शरीर से स्वतंत्र हैं, पर आत्मा से अभी भी बंधे हुए

**डॉ नीलम महेंद्र**

1947 में मिली आजादी एक स्वर्ण किरण थी! हमने तिरंगा फहराया, राष्ट्रगान गाया और एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में सांस ली, पर क्या वह स्वतंत्रता पूरी थी? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हालिया उद्घोष 'भारत का सबसे बड़ा दुश्मन कोई विदेशी ताकत नहीं बल्कि हमारी निर्भरता न होना है' इस गहन प्रश्न को एक बार फिर से जीवंत कर गया है। यह सिर्फ एक बयान नहीं बल्कि हमारे सामूहिक विवेक को झकझोरने वाला सत्य है, जो हमें उस शीशे के सामने खड़ा कर देता है, जहां हमारी राजनीतिक आजादी की चमक आर्थिक और डिजिटल पराधीनता की धुंध में खोई हुई दिखती है।


कल्पना कीजिए एक विशाल वृक्ष की, जिसकी जड़ें तो अपनी मिट्टी में हैं, पर उसकी शाखाएं और फल दूसरों के बगीचे में उग रहे हों। कुछ ऐसी ही स्थिति रही है हमारी। हमारे सैनिक जो देश की सीमा पर सीना ताने खड़े हैं, उनके हथियार अक्सर विदेशी फैक्टरियों से आते रहे। हमारे युवाओं के सपनों को पंख देने वाले विश्वविद्यालय अक्सर सात समंदर पार पाये गये और हमारी डिजिटल धड़कनें अमेरिकी कंपनियों के अदृश्य एल्गोरिदम के इशारों पर नाचती रहीं। यह कैसी आजादी है, जहां हम शरीर से स्वतंत्र हैं, पर आत्मा से अभी भी बंधे हुए हैं। क्या आपने कभी सोचा है कि हमारी अर्थव्यवस्था की नसों में कौन सा रक्त बह रहा है? पीडब्ल्यूसी, डेलाइट, इवाइ और केपीएमजी ये चार विशालकाय कंपनियां जिन्हें हम बिग फॉर कहते हैं, दशकों से भारत की आर्थिक धमनियों पर अपना कब्जा जमाए बैठी हैं।

**अब वक्त है आर्थिक और डिजिटल स्वतंत्रता हासिल करके आत्मनिर्भर होने का।**

पीडब्ल्यूसी ने तो 1880 में ही कोलकाता में अपने तंबू गाड़ दिये थे, जब भारत में अंग्रेजों का राज था! इवाइ 1914 से यहां है, डेलाइट 1976 से और केपीएमजी 1993 से।

सोशल मीडिया पर इन कंपनियों द्वारा भारत से लूटे जा रहे अरबों-खरबों रुपयों की बहस छिड़ी रहती है। कोई 38,000 करोड़ रुपए कहता है, कोई 45,000 करोड़ पर असली खेल पैसों का नहीं बल्कि डेटा का है! एनएसइ में सूचीबद्ध कंपनियों ने पिछले साल लगभग 1,903 करोड़ ऑडिट फीस दी, जिसमें से बिग फोर का हिस्सा 550-600 करोड़ रुपये था। यह रकम भले ही छोटी लगे, पर इसका महत्व कुबेर के खजाने से कम नहीं। ये फर्में जानती हैं कि कौन सी भारतीय कंपनी कहां से कच्चा माल खरीदती है, किस भाव बेचती है, किस सैक्टर में हमारी ताकत है और कहां हमारी नसें कमजोर हैं।

यह जानकारी सोने से भी ज्यादा कीमती है! यही वो खुफिया जानकारी है जिसका इस्तेमाल अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसियां हमें बीबीबी या बीबीबी- जैसी रैंकिंग थमाने के लिए करती हैं। यानी, हमारा ही डेटा हमारे खिलाफ एक हथियार की तरह इस्तेमाल होता है। यहां यह समझना आवश्यक है कि यह सिर्फ व्यापार का मामला नहीं, बल्कि यह हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा का हृदय भेदी प्रश्न भी है! इस अदृश्य खतरे को चीन ने बहुत पहले पहचान लिया था। वहां विदेशी ऑडिट फर्मों पर ड्रैगन की कड़ी निगरानी रहती है। पी.डब्ल्यू.सी. को तो चीन में उसकी रियल एस्टेट कम्पनी एवरग्रांडे मामले में भारी आर्थिक दंड और 6 माह का प्रतिबंध भी झेलना पड़ा था। रूस ने भी यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी सेवाओं को सीधे-सीधे रैड कार्ड दिखा दिया और वीके तथा टैलीग्राम जैसे अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म खड़े कर लिये। ये देश दुनिया को चिल्ला-चिल्ला कर बता रहे हैं कि आत्मनिर्भरता केवल एक जोशीला नारा नहीं , बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और संप्रभुता का अंतिम गढ़ है।



**अब भारत भी उसी चौराहे पर खड़ा है, जहां उसे अपना रास्ता खुद बनाना है। मोदी सरकार का सपना है कि भारत अपनी खुद की ग्रुप ऑफ फोर फर्मों का निर्माण करे। ऐसी भारतीय कंपनियां जो न केवल हमारे देश की कंपनियों का ऑडिट करें बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी अपनी विश्वसनीयता का लोहा मनवायें।**

अब भारत भी उसी चौराहे पर खड़ा है, जहां उसे अपना रास्ता खुद बनाना है। मोदी सरकार का सपना है कि भारत अपनी खुद की ग्रुप ऑफ फोर फर्मों का निर्माण करे। ऐसी भारतीय कंपनियां जो न केवल हमारे देश की कंपनियों का ऑडिट करें बल्कि अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भी अपनी विश्वसनीयता का लोहा मनवायें।

हालांकि यह चुनौती आसान नहीं है क्योंकि डेलाइट या पीडब्ल्यूसी जैसी कंपनियों ने 100 साल में अपना साम्राज्य खड़ा किया है, पर यह असंभव भी नहीं है! पर असली युद्ध तो डिजिटल रणभूमि में लड़ा जा रहा है! सुबह आंख खुलते ही हम व्हाट्सअप खोलते हैं, दिन भर यू-ट्यूब या इंस्टाग्राम पर सर्फ करते हैं और शाम को फेसबुक पर अपनी जिंदगी की कहानियां पोस्ट करते हैं। ये सब अमरीकी कंपनियों के प्लेटफार्म हैं, जिनकी अदृश्य डोरियों से हमारे विचार और भावनाएं नियंत्रित होती हैं। उनके एल्गोरिदम तय करते हैं कि कौन सी खबर आपको दिखेगी, किसका वीडियो वायरल होगा और कौन-सी आवाज दब जायेगी।

समस्याएं अनेक हैं, लेकिन इन सबका हल एक ही है आत्मनिर्भरता। हमें अपनी अकाऊंटिंग फर्मों को विश्वस्तरीय बनाना होगा, अपने स्वदेशी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म खड़े करने होंगे, जो हमारी संस्कृति और आवाज को बुलंद करें। साथ ही हमें अपनी शिक्षा व्यवस्था को इतना मजबूत करना होगा कि हमारे बच्चे विदेश जाने के बजाय यहीं अपने सपनों को पंख दें। अपनी रक्षा इंडस्ट्री को सही मायने में आत्मनिर्भर बनाना होगा। अब वक्त है आर्थिक और डिजिटल स्वतंत्रता हासिल करके आत्मनिर्भर होने का।

## कोल्हान की खबरें

## 30 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ युवक गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पोटका।** कोवाली थाना क्षेत्र के ओड़िशा रोड स्थित नागा पुलिया के समीप ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री की गुप्त सूचना पर मुसाबनी पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में पहुंची पुलिस टीम ने पुलिया के पास छापामारी कर 30 पुड़िया ब्राउन शुगर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के क्रम में उसकी पहचान हल्दीपोखर पश्चिम के निवासी मोहसिन नदीम के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मुसाबनी पुलिस उपाधीक्षक को शनिवार दोपहर कोवाली थाना क्षेत्र के ओड़िशा रोड स्थित नागा पुलिया के पास ब्राउन शुगर की अवैध खरीद-फरोख्त किये जाने की गुप्त सूचना मिली थी। इसके पश्चात पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम नागा पुलिया के पास पहुंची। पुलिस टीम को देख एक युवक वहां से भागने लगा, जिसे पुलिस कर्मियों ने खदेड़ कर पकड़ा। नाम पता पूछे जाने पर उसने अपना नाम मोहसिन नदीम बताया जो हल्दी पोखर पश्चिम का रहने वाला है। उसकी तलाशी लेने पर उसके पॉकेट से 30 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद हुई। इसके बाद उससे गहन पूछताछ किये जाने पर उसने बताया कि वह ग्रामीण इलाकों में जमशेदपुर से लाकर ब्राउन शुगर की सप्लाई कर मोटी रकम कमाता है। उसने बताया कि उसके साथ 8 साथी हैं, जो जमशेदपुर से ब्राउन शुगर लाकर लगातार क्षेत्र में बेचते हैं। इसके पश्चात पुलिस ने मो मोहसिन नदीम के खिलाफ ब्राउन शुगर का अवैध कारोबार करने के आरोप में मामला दर्ज करते हुए नदीम को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। साथ ही, उनके सात अन्य साथियों के खिलाफ थाना में कांड दर्ज करते हुए उनकी भी तलाश की जा रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मोहसिन के पास से बरामद 30 पुड़िया ब्राउन शुगर का अनुमानित मूल्य एक लाख रुपये बताया जा रहा है। वहीं छापामारी करने पहुंची टीम में पुलिस उपाधीक्षक मुसाबानी, पुलिस अवर निरीक्षक धनंजय कुमार पासवान, पुलिस अवर निरीक्षक सिदो मुर्मू एवं थाना के रिजर्व गार्ड उपस्थित रहे।

## श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में 5100 दीप जलाये



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में रविवार को संध्या में विधायक सरयू राय के कर-कमलों द्वारा 5100 दीप प्रज्ज्वलित कर छोटी दीपावली का भव्य आयोजन किया गया। मौके पर मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी झालरों से आकर्षक रूप में सजाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की भागीदारी रही।इस अवसर पर शिव शंकर सिंह, साकेत गौतम, असीम पाठक, अमृता मिश्रा, विकास सिंह, अजय कुमार, राजीव चौधरी, वाईपी सिंह, बंटी सिंह, पीयूष, हनी परिहार, रामस्वरूप जी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## छोटा गोविंदपुर में नवयुवक काली पूजा समिति के स्वर्ण जयंती पंडाल का उद्घाटन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** छोटा गोविंदपुर नवयुवक काली पूजा समिति के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर भव्य पूजा पंडाल का उद्घाटन विधायक ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरविंद सिंह, शंभु नाथ सिंह, शिवशंकर सिंह, राजकुमार सिंह, पंकज सिन्हा, डॉ परितोष सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उद्घाटन अवसर पर विधायक ने समिति को लगातार 50 वर्षों से भव्य आयोजन के लिए बधाई दी और सभी के लिए मां काली से सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में स्वागत भाषण अध्यक्ष शंभु सिंह, धन्यवाद ज्ञापन सैलेंद्र सिंह और संचालन रमेश अग्निहोत्री ने की। मौके पर आशीष राय, विजय यादव, शंभु चौधरी, अशोक सिंह, राम नवमी सिंह, श्याम किशोर सिंह, राधे श्याम सिंह, रिंकू मुखिया, मृत्युंजय सिंह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## मानगो में पानी की किल्लत पर भड़के विधायक सरयू राय

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** दीपावली के दिन मानगो क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बाधित होने से नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। त्योहार के समय पानी नहीं मिलने से नाराज लोगों की शिकायत पर जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय रविवार सुबह स्वयं मौके पर पहुंचे और मानगो पेयजल परियोजना का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के बाद श्री राय ने पेयजल संकट के लिए परियोजना से जुड़े अधिकारियों और ठेकेदार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा पेयजल आपूर्ति में लापरवाही और भेदभावपूर्ण वितरण की वजह से मानगो की बड़ी आबादी त्योहार के समय पानी से वंचित रह गई।विधायक ने इंटेकवेल पहुंचे, जहां उन्होंने पाया वहां बाढ़ के पानी से बालू जमा हो गया था। जिससे जल प्रवाह बाधित हो गया। उन्होंने तत्काल मानगो नगर निगम के उप नगर आयुक्त को सफाई का निर्देश दिया, जिसके बाद जल प्रवाह सामान्य हो सका। वहीं विधायक ने पृथ्वी पार्क स्थित पानी टंकी का मुआयना किया। वहां मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि सप्ताह में केवल दो से तीन दिन ही पानी टंकी में पहुंचाया जाता है, जिससे लोगों को नियमित जलापूर्ति नहीं मिल पाती। श्री राय और उनके सहयोगियों ने वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण किया तो पता चला ठेकेदार के कर्मचारी पक्षपातपूर्ण ढंग से एक खास इलाके को ज्यादा पानी दे रहे हैं। जबकि अन्य क्षेत्रों में कटौती कर दी जाती है। ठेकेदार ने इसे ऊपर से आदेश बताया, लेकिन जब विधायक ने इस संबंध में पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता से पूछा, तो उन्होंने किसी भी आदेश से इनकार किया। विधायक सरयू राय ने कहा यह पूरा मामला ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत का परिणाम है। उन्होंने घोषणा की त्योहार समाप्त होने के बाद वह कार्यपालक अभियंता के विरुद्ध विभाग को चार्जशीट सौंपेंगे, साथ ही ठेकेदार को काली सूची में डालने की अनुशंसा भी करेंगे। उन्होंने नगर निगम के उपनगर आयुक्त से इस मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की। सरयू राय ने स्पष्ट किया जब तक इस तरह की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक जनता को राहत नहीं मिल पायेगी।

## नहीं सुधरे अधिकारी, तो तालाबंदी के लिए होंगे बाध्य : विकास सिंह

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** दीपावली के अवसर पर मानगो के कई इलाकों में पानी की किल्लत को लेकर स्थानीय लोगो की परेशानी बढ़ गयी है। मानगो पोस्ट ऑफिस रोड, गुरुद्वारा रोड, वैकुंठ नगर, कृष्णा नगर, पहलाद नगर और शांति नगर समेत कई क्षेत्रों में जल आपूर्ति ठप है। साफ-सफाई भी प्रभावित होने लगी है। स्थानीय लोगों की शिकायत पर पूर्व भाजपा नेता विकास सिंह ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर पानी की आपूर्ति बहाल करने का दबाव बनाया। कुछ क्षेत्रों में आंशिक रूप से पानी दिया गया,लेकिन हालात अब भी गंभीर हैं। विकास सिंह ने कहा बीते लगभग 10 महीने 19 दिन पूर्व यूको बैंक (पायल सिनेमा के पास) के समीप करोड़ों की लागत से बने जलमीनार का उद्घाटन स्थानीय



विधायक और सांसद ने किया था। उद्घाटन के दौरान दावा किया गया था इन क्षेत्रों में अब पानी की किल्लत नहीं रहेगी।लेकिन उद्घाटन के बाद जलमीनार से जलापूर्ति नहीं हुई। कर्मचारियों के अनुसार न तो टंकी में पानी पहुंचाया गया और न ही फिल्टर प्लांट से कोई कनेक्शन है। साथ ही तकनीकी खामियों के कारण पूरा सिस्टम निष्क्रिय पड़ा है। उन्होंने मामले की शिकायत डीसी कर्ण सत्यार्थी से की और कहा यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो जनता की परेशानी बढ़ेगी, जनता संबंधित अधिकारियों के कार्यालय में तालाबंदी के लिए बाध्य होंगे।

## जाल्ला गांव के वृद्ध किसान कंठीराम महतो लापता

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पटमदा प्रखंड अंतर्गत जाल्ला गांव के 63 वर्षीय वृद्ध किसान कंठीराम महतो



18 अक्टूबर की सुबह से लापता हैं। वे सुबह 11 बजे घर से यह कहकर निकले थे खेत देखने जा रहे हैं, लेकिन इसके बाद से अब तक वे वापस नहीं लौटे।परिजन और ग्रामीणों ने आसपास के इलाकों में काफी तलाशबीन की लेकिन उनका अब तक कोई सुराग नहीं मिला। मामले की सूचना पटमदा पुलिस को दी गयी। पुलिस भी अपने स्तर से खोजबीन में जुट गयी। हालांकि लापता होने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया। परिवार वालों ने आमजन से अपील की है यदि किसी को कंठीराम महतो के संबंध में कोई जानकारी मिले तो स्थानीय पुलिस को सूचित करें। गांव में इस घटना को लेकर चिंता और बेचैनी का माहौल है।

## पोटका विधायक का झामुमो प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क अभियान



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** घाटशिला विधानसभा उपचुनाव को लेकर झामुमो की तैयारिया तेज होने लगी है। रविवार को पोटका विधायक संजीव सरदार ने पूरे दिन क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। विधायक श्री सरदार ने पूर्व शिक्षा मंत्री व राज्य के महान आंदोलनकारी स्वर्गीय रामदास सोरेन के सुपुत्र एवं झामुमो प्रत्याशी सोमेश चंद्र सोरेन के समर्थन में लोगों से मुलाकात कर सकारात्मक और आत्मीय संवाद किया। पोटका विधायक ने मौके पर ग्रामीणों को राज्य सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।साथ ही झामुमो की सरकार द्वारा अब तक किए गए कार्यों को गिनाया।जनसंपर्क अभियान के दौरान स्थानीय लोगों ने विकास कार्यों की सराहना करते हुए आगामी चुनाव में झामुमो प्रत्याशी को समर्थन देने का भरोसा जताया। क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ₹अबुआ सरकार₹ पर विश्वास व्यक्त करते हुए दोबारा समर्थन देने का संकल्प लिया।विधायक श्री सरदार ने कहा सोमेश चंद्र सोरेन को जिताकर जनता रामदास सोरेन की विरासत को आगे बढ़ाने का कार्य करेगी।

## जपला रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल, रेफर

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। पूर्व मध्य रेलवे के गढ़वा रोड-डेहरी ऑन सोन रेलखंड पर जपला रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन के आगे रविवार सुबह एक युवक गंभीर रूप से घायल अवस्था में ट्रैक के पास मिला। घायल की पहचान नबीनगर, औरंगाबाद (बिहार) निवासी जनेश्वर पासवान के पुत्र पप्पू पासवान (29) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, शनिवार की देर शाम पप्पू पासवान काम समाप्त कर घर लौटने के लिए स्टेशन पहुंचा था। इसी दौरान वह इंटरसिटी एक्सप्रेस से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे उसके सिर में गहरी चोटें आईं। घटना की सूचना पर आरपीएफ के एसआई कार्तिक बिंझा, जेपी यादव और जवानों ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेजा। चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर होने पर उसे मेदिनीनगर रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# दिनदहाड़े अगवा कर युवक की गोली मारकर हत्या

## आधा दर्जन अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

घटना का कारण आपसी रंजिश बताया जा रहा है

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर (पलामू)।** चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर नयी मुहल्ला में रविवार सुबह एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। गोली मारने से पहले अपराधियों ने युवक को अगवा किया। चैनपुर से बाइक पर उठा कर पिटाई करते हुए तीन किलोमीटर दूर ले जाकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान चैनपुर पठान मोहल्ला निवासी इबरार हजाम मिस्त्री के 30 वर्षीय पुत्र हसन अली के रूप में हुई है। घटना सुबह 7 बजे हुई। अपराधियों की संख्या पांच बतायी गयी है। घटना का कारण आपसी रंजिश बताया जा रहा है। हत्या करने से पहले युवक को ले जाते समय का दृश्य आसपास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। पुलिस उसके आधार पर अपराधियों की पहचान करने में जुटी हुई है।

जानकारी के अनुसार हसन अली और विनय अग्रवाल चैनपुर में अस्पताल चौक के समीप बैठे हुए थे। इसी क्रम में 4 से 5 युवक वहां पहुंचे और दोनों युवकों की पिटाई की। हसन अली को जबरन बाइक पर बैठा लिया और वहां से लेकर चले गये। करीब 3 किलोमीटर दूर ले जाने के बाद उसकी पुनः पिटाई की और फिर चाकू से गोदने के बाद गले के हिस्से में सटाकर गोली मार दी। विनय ने घटना की जानकारी हसन के परिजनों को दी। परिजन ढूंढते हुए शाहपुर नयी मोहल्ला पहुंचे। यहां से हसन की डेड बॉडी बरामद हुई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी और शव को कब्जे में लिया। परिजनों के अनुसार हसन मुंबई में रहकर पेंटिंग का काम करता था। मोहर्रम के समय घर आया था। परिजनों ने शाहपुर के सद्दाम नामक युवक पर हत्या की आशंका है।

इधर जानकारी मिली है कि हसन भी हत्याकांड का आरोपी रहा है और वर्ष 2020 में जेल भी गया था। जेल से निकलने के बाद वह मुंबई में रहकर काम करता था।

इधर चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा ने बताया कि सूचना मिलते ही दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमास्टर्म कराने के लिए राजा मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भेज दिया। अपराधियों को चिन्हित करने का प्रयास किया जा रहा है। गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जा रहा है। हत्या के कारणों का भी पता लगाया जा रहा है कि आपसी रंजिश थी या कुछ और। जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जायेगा।

# जनवरी तक खुल जायेगा इग्नू सेंटर : क्षेत्रीय निदेशक

आजाद सिपाही संवाददाता



**मधुपुर ।** इग्नू क्षेत्रिय निदेशक डॉ अरविंद मनोज कुमार सिंह ने मधुपुर महाविद्यालय मधुपुर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मधुपुर महाविद्यालय, मधुपुर मे इग्नू सेंटर खोलने हेतु प्रभारी प्राचार्य डॉ रत्नाकर भारती के प्रयास की सराहना की, उन्होंने इग्नू के माध्यम से ग्रॉस एनरोलमेंट रेशियो बढ़ाने के साथ साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विषय पर विशेष जोर दिया। क्षेत्रीय निदेशक महोदय ने महाविद्यालय के कक्षों व परिसर का जायजा लिया तथा जनवरी 2026 तक इग्नू सेंटर खोलने हेतु आश्वाशन के साथ साथ विभागीय कार्रवाई को जल्द से जल्द पूर्ण करने की सलाह दी। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ रत्नाकर भारती के अनुसार मधुपुर महाविद्यालय में इग्नू सेंटर का खुलना इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित होगा। प्राचार्य महोदय ने महाविद्यालय के वर्तमान टीम की सराहना की है कि टीम ने इग्नू सेंटर खोलने की दिशा में जो कार्य किया है, विशेषकर प्रेम रोशन एक्का (विभागाध्यक्ष राजनीतिशास्त्र) और डॉ यतेंद्र प्रसाद झा (विभागाध्यक्ष भौतिकी) के अथक प्रयास ने इग्नू सेंटर खोलने की दिशा में जो मेहनत की है, वह काबिल ए तारीफ है। मधुपुर महाविद्यालय, मधुपुर परिसर में इग्नू सेंटर खोले जाने के पश्चात कामकाजी छात्रों के साथ साथ सुदूरवर्ती छात्रों को इसकी सुविधा मिल पायेगी। मौके पर डॉ अनीता गुवा हेंब्रम, विभागाध्यक्ष, अंग्रेजी, प्रेम रोशन एक्का (विभागाध्यक्ष राजनीतिशास्त्र), डॉ. उत्तम कुमार शुक्ला (विभागाध्यक्ष गणित) होरेन हांसदा, रंजीत कुमार प्रसाद, उमेश रॉय, अनुपलाल सोरेन, आदि मौजूद थे।

## मनातू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



मनातू(पलामू) (आजाद सिपाही)। आगामी दीपावली और छठ महापर्व को शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर रविवार को मनातू थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी थाना प्रभार राजेश कुमार ने की। जबकि संचालन का कार्य राजस्व उप निरीक्षक सह प्रभारी अंचल निरीक्षक ने किया। थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व खुशियों का प्रतीक है, इसे आपसी सहयोग और भाईचारे के साथ मनाना चाहिए। पर्व के दौरान बिजली, सफाई, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों से समन्वय किया गया है। मौके पर कई गणमान्य लोग और पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# ग्रासिम इंडस्ट्रीज के यूनिट हेड ने शिवम रोड कैरियर का किया उद्घाटन

## किसी भी संस्थान के लिए ट्रांसपोर्ट की भूमिका अहम होती है: अवस्थी

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ग्रासिम इंडस्ट्रीज रेहला के मेन गेट में शिवम रोड़ कैरियर के कार्यालय का उद्घाटन ग्रासिम इंडस्ट्रीज केमिकल डिवीजन रेहला के युनिट हेड हितेंद्र केशव अवस्थी ने फीता काट कर किया। इस दौरान शिवम रोड़ कैरियर के संचालक अरविंद शुक्ला उर्फ बबलू शुक्ला ने मुख्य अतिथि युनिट हेड, एचआर हेड पद्माकर दास लाल, सीएसओ विपिन दीक्षित का बुके देकर स्वागत किया। इस अवसर पर युनिट हेड हितेंद्र केशव अवस्थी ने कहा कि इस संस्थान की तरक्की के लिए शिवम रोड़ कैरियर जैसे ट्रांसपोर्ट मील का पत्थर साबित होंगे। उन्होंने कहा कि कोई भी इंडस्ट्रीज हो बिना ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था के वह सुगमता से आगे नहीं बढ़ सकती।

इस मौके पर प्रोफेसर नंदलाल शुक्ला, रासबिहारी शुक्ला, पार्षद दिनेश कुमार शुक्ला, ओम प्रकाश शुक्ला, राजेश शुक्ला, आलोक शुक्ला, उमाशंकर पांडेय, मिथिलेश चौबे, विष्णु शुक्ला, विकास शुक्ला,डां पूजा शुक्ला, भूषण शुक्ला, यमुना प्रसाद शुक्ला, रंजीत शुक्ला, प्रणव शुक्ला, राहुल शुक्ला सहित कई लोग मौजूद थे।

# दीपोत्सव का यह पर्व आप सभी के जीवन में खुशियां, स्वास्थ्य और समृद्धि लाये : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



देवघर। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा ने समस्त देवघरवासियों को दीपावली के पावन अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दीपों का यह पर्व सभी के जीवन में बेहतर स्वास्थ्य, धन-धान्य, शिक्षा में प्रगति और नई रोशनी लेकर आए। यह त्योहार प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है, इसे शांतिपूर्ण एवं सामूहिक सौहार्द के वातावरण में मनाएं। उपायुक्त ने अपील की कि सभी लोग दीपावली पर मिट्टी के दीयों का उपयोग करें और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए ग्रीन पटाखों का ही इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि अत्यधिक ध्वनि या प्रदूषण फैलाने वाले पटाखों से परहेज करें ताकि पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों सुरक्षित रह सकें। उन्होंने लोगों से अनुरोध किया कि त्योहार के दौरान नशे और अनियंत्रित आतिशबाजी से दूर रहें तथा समाज में भाईचारे और शांति की भावना को मजबूत करें। उपायुक्त ने यह भी कहा कि त्योहारों के दौरान कुछ असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने का प्रयास करते हैं, इसलिए यदि किसी को कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखाई दे तो तुरंत 100 डायल कर पुलिस को सूचना दें। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने जिलेवासियों से आग्रह किया कि सभी लोग दीपावली को स्वच्छ, सुरक्षित और खुशहाल तरीके से मनाएं ताकि यह पर्व सच्चे अर्थों में प्रकाश और सकारात्मकता का संदेश दे सके।

## हुसैनाबाद : पूर्व सैनिकों ने शहीदों के नाम दीप जलाकर मनायी दीपावली



हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। हुसैनाबाद शहर के हैदरनगर रोड स्थित पूर्व सैनिक कार्यालय परिसर मे पुर्व सैनिकों ने रविवार को दिपावली के शुभ अवसर पर शहिदों को नमन करते हुए दीप जलायी। सभी ने नमन करते हुए उन सभी शहिदों के परिवार जनों के जीवन में सुख, समृद्धि और खुशियों की कामना की, जिस प्रकार दिप अधंकार को दूर कर प्रकाश फैलातीं है उसी प्रकार सभी का जीवन प्रकाशमय हो। मौके पर उपस्थित पंडित संतोष कुमार दुबे ने विधिवत तरीके से मां लक्ष्मी जी की मंत्रोच्चार के साथ पुजा करते हुए दीप प्रज्ज्वलित कराया। मौके पर दीप प्रज्ज्वलित के अवसर पर पंडित संतोष कुमार दुबे, लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद, असर्फी पाल, अक्षय सिंह, स्व0 हवलदार लाल, मूनी दुबे के परिवारजन के अलावा बक्सी हाई स्कूल के एनसीसी कैडेट्स अखलेश कुमार, सरोज साह, फारुख खान, ओमप्रकाश कुमार मुख्य रूप शामिलि हुए।

## देवघर में दीपावली से पहले यम दीया जलाने की परंपरा निभायी गयी



देवघर (आजाद सिपाही)। देवभूमि देवघर में दीपावली से एक दिन पूर्व यम दीया जलाने की सदियों पुरानी परंपरा रविवार शाम श्रद्धा और आस्था के साथ निभायी गयी। इस अवसर पर शहर के हर घर के दरवाजे पर गोबर से बने दीयों में सरसों का तेल डालकर दक्षिण दिशा की ओर यम दीप जलाया गया। माना जाता है कि इस दीप को जलाने से यमदेव प्रसन्न होते हैं और घर में अकाल मृत्यु, विपत्ति या कोई बाधा नहीं आती। स्थानीय पुरोहितों के अनुसार, यह परंपरा पीढ़ियों से चली आ रही है और इसे यमराज के सम्मान में मनाया जाता है ताकि घर के सभी सदस्यों को दीर्घायु और समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त हो। इसी दौरान बच्चों ने भी परंपरागत रीति 'इमजाम' का पालन किया, जिसमें वे लाठियां लेकर यम दीप के चारों ओर घेरा बनाते हैं और पारंपरिक गीत गाते हुए इस अनोखी परंपरा को जीवित रखते हैं। देवघर में हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं ने आस्था और उल्लास के साथ यम दीप जलाकर दीपोत्सव की शुरूआत की।

## अपर समाहर्ता ने किया हुसैनाबाद अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** पलामू के अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने हुसैनाबाद अंचल कार्यालय का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने कार्यालय के काम-काज की समीक्षा की, अभिलेखों का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को समय पर और पारदर्शी तरीके से काम करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने जनता को समय पर सेवायें प्रदान करने और सभी लंबित मामलों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। दाखिल-खारिज, आय, जाति और आवासीय प्रमाण पत्रों जैसे कार्यों की समीक्षा करते हुए ससमय निर्गत करने का निर्देश दिया।साथ ही उन्होंने कार्यालय के रजिस्टरों (पंजियों) और अन्य राजस्व अभिलेखों का भौतिक निरीक्षण किया और कार्यालयीय कार्यों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया।

लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने को कहा गया। जनता को सुगम और समय पर सेवायें उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने बताया कि आमलोगों से जुड़े लंबित मामलों को 15 दिन के अंदर निस्तारण करने का निर्देश दिया गया है अन्यथा सम्बंधित कर्मियों पर कारवाई की जायेगी। मौके पर एलआरडीसी गौरांग महतो, अंचलाधिकारी पंकज कुमार समेत अंचल के कई कर्मी उपस्थित थे।

## त्योहारों में भीड़ नियंत्रण को लेकर मधुपुर स्टेशन पर विशेष व्यवस्था



**मधुपुर (आजाद सिपाही)। आसनसोल रेल मंडल द्वारा काली पूजा, दिवाली और छठ पर्व पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए मधुपुर, जसीडीह और आसनसोल स्टेशन पर विशेष इंतजाम किये गये हैं। मधुपुर स्टेशन पर सुगम प्रवेश-निकास द्वार, उन्नत साइनेज, उद्घोषणा प्रणाली और 3,000 वर्गफुट का होल्डिंग एरिया बनाया गया है। आरपीएफ व रेल कर्मियों की तैनाती से भीड़ नियंत्रण और यात्रियों के मार्गदर्शन की व्यवस्था की गयी है। फुट ओवरब्रिज और सकुर्लेटिंग एरिया में विशेष निगरानी रहेगी। इन उपायों से त्योहारों के दौरान सुरक्षित और सुगम यात्रा सुनिश्चित की जायेगी।**

# भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी ने देवघर में चलाया जनसंपर्क अभियान, सैकड़ों लोग जुड़े

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** रविवार को भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) देवघर इकाई की ओर से ग्राम बाघमारा में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व जिला महासचिव प्रफुल कुमार दास और युवा जिला अध्यक्ष अमरेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम का शुभारंभ भीम आर्मी जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार दास और आजाद समाज पार्टी देवघर जिला अध्यक्ष क्रांतिकारी कृष्णा कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्रांतिकारी कृष्णा कुमार और कमलेश कुमार दास उपस्थित थे। सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष क्रांतिकारी कृष्णा कुमार ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा दिये गये संविधान में बहुजन समाज को मिले अधिकारों की रक्षा सभी की जिम्मेदारी है।

वहीं, भीम आर्मी जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार दास ने कहा कि देवघर जिले में दलितों और बहुजनों पर बढ़ते अत्याचार के खिलाफ भीम आर्मी संघर्षरत है और अब समय है कि सभी एकजुट होकर आंदोलन को और मजबूती दें। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष चंदन कुमार दास, आशुतोष कुमार, सिकंदर दास, अजय कुमार दास, टिंकू कुमार दास, ज्योतिंद्र दास, जितेंद्र दास, रामानंद मेहरा, आशीष मेहरा, नितेश मेहरा, रितेश कुमार, साहिल यादव, ललन कुमार दास, रणजीत कुमार, प्रीति कुमारी, राधा देवी, पूजा कुमारी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पांकी पुलिस ने आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया

**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी पुलिस ने रविवार को लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के झरहा निवासी अभियुक्त सुरेंद्र पासवान पिता जगदीश पासवान थाना कांड संख्या - 68/20 धारा - 435/427/34 और 17 सीएलए एक्ट, परिवर्तित धारा - 385/387/435/427/34 भादवि 17 सीएलए एक्ट 1908 के अप्राथमिकी अभियुक्त के घर पर न्यायलय द्वारा निर्गत इस्तेहार चस्पा स्थानीय लोगों के उपस्थित मे चिपकाया गया। थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि अभियुक्त सुरेंद्र पासवान के विरुद्ध रंगदारी और जेसीबी मे आग लगाकर क्षतिग्रस्त करने का आरोप है। उन्होंने कहा कि आरोपी को लंबे समय से गिरफ्तारी के लिए ताबड़तोड़ छापामारी की लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। इसके बाद भी आरोपी सरेंडर नहीं करेगा, तो नियमानुसार 15 दिन बाद कोर्ट से आदेश प्राप्त कर कुर्की जब्ती की जायेगी।

# रोम-रोम में रमने का नाम राम है : अविनाश देव

सभी को अपने समाज गांव देश के लिए राम के पद चिन्हों पर चलें, न कि राम को राजनीतिक अखाड़ा के नायक बना दें : अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सनातन धर्म और धार्मिक शास्त्रों में हर पूजा की अलग अलग मान्यता है। किंतु भारतवर्ष में हजारों साल से ऐसी अवधारणा चली आ रही है कि राम चौदह वर्ष वनवास काट कर जब अयोध्या लौटे तब अयोध्यावासी उनके स्वागत में पूरे अवध को दीप से सजा दिए तब से दीपोत्सव का त्योहार दीपावली मनाया जा रहा है।

इसी मौके पर सदर प्रखंड के कुंडेलवा ग्राम में काली पूजा के अवसर पर रामलीला कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव शामिल हुए। पूजा कमिटी के सदस्यों ने फूलमाला से स्वागत किए। देवीधाम में नारियल फोड़ कर पूजा अर्चना किये। रामलीला में अभिनीत रामदरबार के झांकी को आरती उतर कर दर्शकों के सामने लोकार्पण किये। श्रोता दर्शकों को संबोधित करते हुए श्री देव ने कहा कि रोम रोम में बसने का नाम राम है इसलिए इनके चरित्र अनुकरणीय हैं। रामलीला के जरिये यह दिखाया जाता है कि राम मर्यादा में रह कर हर किरदार को कैसे दुनिया के सामने प्रस्तुत किये। बेटा, भाई, पति, बाप, मित्र सभी चरित्र में अपना फर्ज अदा किये। दहेज, जाति, कुल, धर्म की परवाह किए बगैर सीता से शादी किये। सीता उम्र में राम से बड़ी थीं इसके बावजूद दांपत्य जीवन में कोई कड़वाहट नहीं, बल्कि सत्य के लिए साथ खड़ी रहीं। सौतेली मां के एक वचन पर चौदह साल वन गमन कर राम भगवान बन कर लौटे तो अवधवासी कलेजा बिछा दिये। घी के दिये से पूरा अयोध्या रौशन हो गया। बस आप सभी को अपने समाज गांव देश के लिए राम के पद चिन्हों पर चलें, न कि राम को राजनीतिक अखाड़ा के नायक बना दें। आप सभी संकल्प ले की इस धनतेरस में ज्ञान और स्वास्थ्य की खरीदारी कर बेटियों को संरक्षित करेंगे।

कुंडेलवा काली पूजा कमिटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, उपाध्यक्ष धनंजय प्रजापति, सचिव राजू सिंह,उप सचिव सकेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष चंदन यादव उप कोषाध्यक्ष उग्रिम यादव एवं सभी सदस्यों को उज्ज्वल भविष्य कामना करते हैं।

# घासीदाग मुखिया ने निजी खर्च से चार किमी सड़क की करायी मरम्मत

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर (पलामू)।** बिश्रामपुर प्रखंड के अति सुदूरवर्ती पंचायत घासीदाग की मुखिया अंजू कुमारी ने अपने निजी खर्च से तीन किमी लंबी कच्ची सड़क की मरम्मत करायी। मालूम हो कि घासीदाग पंचायत के किसी भी गांव में आने जाने के लिये कोई पक्की सड़क नहीं है। घासीदाग के जानकीनगर टोला से हथगड़वा तक पगडंडी नुमा कच्चा रास्ता था। ग्रामीणों ने मुखिया से इस पगडंडी नुमा रास्ते को चलने लायक बनवाने का आग्रह किया। लेकिन सरकारी मद में पैसे की अनुपलब्धता के कारण सड़क का मरम्मत नहीं हो पा रहा था। तब मुखिया अंजू कुमारी ने अपने निजी खर्च से इस रास्ते को बनवाने का संकल्प लिया। उन्होंने सबसे पहले जेसीबी मशीन लगवाकर पगडंडी को समतल कराकर सड़क का शक्ल दिया। इसके बाद मेटल व मोरंग डलवाकर पूरे तीन किमी सड़क का मरम्मत कराकर उसे चलने लायक बनवाया।

मुखिया अंजू कुमारी ने कहा कि सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी। सिर्फ सरकार के भरोसे ग्रामीणों को नहीं छोड़ सकती,इसलिए निजी खर्च से सड़क का मरम्मत करवाया। मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## दीपावली एकता, सद्भाव और ज्ञान के प्रकाश का भी पर्व: आरिफ हुसैन अख्तर



**गुमला (आजाद सिपाही)।** दीपावली के अवसर पर रविवार को जूनियर देलही स्कूल के तत्वाधान में रंगोली एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों के साथ ही अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में 11 बच्चों और चार अभिभावकों ने अपनी कला का सुंदर प्रदर्शन किया। बच्चों की श्रेणी में प्रथम स्थान अभिनिवेश आनंद, द्वितीय अभि सिंह और तृतीय ऋषिका कुमारी ने प्राप्त किया। जबकि अभिभावक वर्ग में प्रथम स्थान श्रीवास्तव, द्वितीय मुश्कान कुमारी एवं तृतीय स्थान प्रियंका जायसवाल को मिला।




# डॉक्टरों के मनमाने रवैये से बिगड़ रहा चैनपुर सीएचसी का 'स्वास्थ्य'

## हादसे में घायल पांच युवकों के इलाज के दौरान फिर खुली सीएचसी की पोल

- प्रतिदिन तीन बजते ही सीएचसी से डॉक्टर के चले जाने का आरोप
- स्थानीय लोगों-ग्रामीणों ने की 24 घंटे डॉक्टर की तैनाती की मांग

### गंभीर मरीजों के इलाज की पूरी जिम्मेदारी सीएचओ और नर्सिंग स्टाफ के भरोसे




सड़क दुर्घटना के बाद चैनपुर सीएचसी पहुंचे घायल युवक।

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर।** डॉक्टरों की मनमानी सेवा और अस्पताल में जरूरत से कम समय देने के चैनपुर सीएचसी का ही स्वास्थ्य बिगड़ने लगा है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण रविवार को एक बार फिर देखने को मिला। दरअसल, इस दिन चैनपुर मुख्यालय क्षेत्र के जनावल पंचायत में घोरहटी और नवाटोली के बीच तीखे मोड़ पर दो बाइकों के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में कुल पांच लोग घायल हो गये। जिसमें से तीन की हालत गंभीर बतायी जा रही है। हादसे के तुरंत बाद ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टरों की अनुपस्थिति ने एक बार फिर स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल दी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि चैनपुर सीएचसी में आपात स्थिति (इमरजेंसी) के बावजूद डॉक्टर अक्सर नदारद रहते हैं। आरोप है कि प्रतिदिन जैसे ही तीन बजते हैं, डॉक्टर गुमला के लिए बस पकड़कर चले जाते हैं। जिस कारण इलाज का पूरा भार सिर्फ सीएचओ और नर्सिंग स्टाफ के कंधों पर आ जाता है। इससे गंभीर मरीजों का इलाज सही तरीके से नहीं हो पाता। उधर, डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण, तीनों गंभीर घायलों नीरज लकड़ा (22), अरविंद बड़ा (25) और संजय कुमार (22) को प्राथमिक उपचार के बाद गुमला सदर अस्पताल रेफर करना पड़ा। बतातें चलें कि चैनपुर से गुमला की दूरी 50 किलोमीटर है। परिजनों ने बताया कि 108 एंबुलेंस के लिए काफी देर तक इंतजार करने के बाद भी नहीं मिला। मजबूरन, सीएचसी की एंबुलेंस से ही घायलों को गुमला भेजा गया। डॉक्टरों की कमी और एंबुलेंस की लेटलतीफी के चलते 50 किलोमीटर का यह लंबा सफर कई बार घायल मरीज की जान तक ले लेता है। इस गंभीर स्थिति पर स्थानीय लोगों ने रोष है। पर्व-त्योहारों के समय बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से तत्काल मांग की है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 24 घंटे एक स्थायी डॉक्टर की नियुक्ति की जाए, ताकि आपातकाल में ग्रामीणों की जान बचाई जा सके।

## प्रखंड प्रमुख के प्रयास से गांव में लगा ट्रांस्फॉर्मर

**कामडारा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के रामपुर गांव में प्रखंड प्रमुख सुनील सुरीन के प्रयास से नया ट्रांसफार्मर लग गया है। जिससे ग्रामीणों में हर्ष है। बतातें चलें कि रामपुर में लगभग 25 दिन पूर्व ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। पंसस सुशीला देवी ने प्रखंड प्रमुख सुनील सुरीन को इसकी जानकारी दी।




































# मिट्टी के दीये जलायें और ग्रीन पटाखों का करें प्रयोग : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** दीपावली के अवसर पर उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी अजय नाथ झा ने जिलेवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि दीपों का यह पर्व हमारे जीवन में स्वास्थ्य, सुख, शांति और समृद्धि की नयी किरणें लेकर आये। उपायुक्त ने जिलावासियों से अपील की कि वे मिट्टी के दीयों से घरों को सजाएं और पर्यावरण के अनुकूल ग्रीन पटाखों का ही उपयोग करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण की रक्षा करते हुए दीपावली मनाना ही सच्ची खुशियों की पहचान है। त्योहार के इस अवसर पर हम सभी को भाईचारे, प्रेम और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करना चाहिए। आतिशबाजी और नशे से दूरी बनाकर दीपोत्सव को शांति और सद्भाव के साथ मनायें। उन्होंने लोगों को सतर्कता बरतने की भी सलाह दी। उपायुक्त ने कहा कि त्योहारों के दौरान कुछ असामाजिक तत्व समाज में अव्यवस्था फैलाने की कोशिश कर सकते हैं। यदि किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति दिखायी दे, तो उसकी सूचना तुरंत जिला नियंत्रण कक्ष 06542 - 223475 एवं पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 या 100 पर दें। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल प्रकाश का नहीं, बल्कि सद्भाव, स्वच्छता और सुरक्षा का भी उत्सव है।

# पिकअप से टकरायी कार चार घायल, दो बच्चे गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता

**राजगंज।** राजगंज थाना क्षेत्र के चालीबांग्ला के समीप होंडा शोरूम के सामने रविवार को एक पिकअप वाहन और डिजायर कार की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गयी। इस हादसे में कार में सवार एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हो गये, जिनमें दो बच्चों की हालत गंभीर बतायी जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिकअप वाहन सर्विस रोड से धनबाद की ओर से राजगंज की दिशा में जा रहा था, जबकि कार राजगंज से धनबाद की ओर जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ़्तार पिकअप अचानक अनियंत्रित होकर कार से टकरा गयी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये।




घायलों में एक महिला और दो बच्चे शामिल हैं। मौके पर पहुंची राजगंज पुलिस ने सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए धनबाद भेज दिया है। फिलहाल पुलिस ने दोनों वाहनों को जप्त कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन में साबुन लदा हुआ था।

# खुदिबेड़ा में सड़क निर्माण पर बढ़ा विवाद, मामला पहुंचा हाइकोर्ट

**धार्मिक स्थल का हुआ सीमांकन, ग्रामीणों ने जताया विरोध**

आजाद सिपाही संवाददाता



**पेटरवार।** कसमार-बरलंगा भाया नेमरा टू-लेन सड़क चौड़ीकरण परियोजना को लेकर खुदिबेड़ा में विवाद एक बार फिर गहरा गया है। सड़क के एलायनमेंट (मार्ग निर्धारण) और सर्वे कार्य को लेकर ग्रामीणों द्वारा उठाए गए भूमि विवाद का मामला झारखंड हाई कोर्ट पहुंच गया है। इस संबंध में रूपम कुमार भोक्ता के द्वारा झारखंड हाइकोर्ट में याचिका दायर की गयी है। जिसे लेकर उपायुक्त बोकारो को पत्र लिखा गया है। वहीं दूसरी ओर रविवार को एसडीओ मुकेश मछुवा के निर्देश पर कसमार के अंचल अधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में खुदिबेड़ा पहुंची। इस दौरान प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष दिलीप हेम्ब्रम, थाना प्रभारी भजनलाल महतो सहित अनेक लोग मौजूद रहे। टीम ने सरकारी अमीन की सहायता से स्थानीय देवस्थल का सीमांकन कार्य संपन्न किया। हालांकि, सीमांकन के दौरान ग्रामीणों ने तीव्र विरोध जताते हुए कहा कि सड़क का मापी गलत तरीके से किया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क का सर्वे बीच से न होकर एक तरफा तरीके से किया गया है, जिससे कई परिवारों की जमीन प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि वे गलत मापी और देवस्थल पर अतिक्रमण जैसे किसी भी कार्य को स्वीकार नहीं करेंगे। इस दौरान अंचलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीणों का आरोप बेबुनियाद है। एलाइनमेंट के आधार पर सड़क का निर्माण किया जा रहा है।

# हड्डी और दंत जांच शिविर में विशेषज्ञों ने दी स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** त्योहारों के इस पावन अवसर पर सरायढेला क्षेत्र के मुरली नगर स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में रविवार को निःशुल्क हड्डी एवं दांत जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन स्थानीय सामाजिक संस्थाओं के सहयोग से किया गया, जिसमें आरोग्य भारती के प्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

शिविर में धनबाद के प्रसिद्ध हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ अविनाश कुमार सिन्हा और दंत चिकित्सक डॉ सुनीता सिन्हा अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे। उन्होंने मरीजों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने शिविर का लाभ उठाया और अपनी जांच करवाई।

डॉ अविनाश सिन्हा ने मौके पर लोगों को हड्डियों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि, समय-समय पर अपनी हड्डियों की जांच कराना बेहद जरूरी है, ताकि गठिया, जोड़ों का दर्द या अन्य हड्डी संबंधी समस्याओं से बचाव किया जा सके। खासकर उम्र बढ़ने के साथ शरीर में कैल्शियम की कमी और जोड़ों का दर्द बढ़ने लगता है, ऐसे में नियमित व्यायाम और संतुलित आहार बहुत जरूरी है। वहीं, डॉ सुनीता सिन्हा ने दंत स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि दांतों की नियमित सफाई और समय पर जांच से न केवल दांत मजबूत रहते हैं, बल्कि कई अन्य बीमारियों से भी बचाव होता है। कार्यक्रम में आरोग्य भारती के कार्यकर्ताओं ने भी लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया। आयोजकों ने बताया कि आने वाले समय में भी इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जायेगा, ताकि आम लोगों को निःशुल्क जांच और परामर्श की सुविधा मिल सके। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर से समाज के हर वर्ग के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति सजग होने का अवसर मिलता है। स्वास्थ्य जांच शिविर में ओम हेल्थ केयर सेंटर के डॉक्टर अविनाश कुमार सिन्हा, डॉ. सुनीता सिन्हा, आरोग्य भारती के झारखंड प्रांतीय सचिव जयप्रकाश नारायण सिंह, महानगर सचिव दिनेश प्रसाद सिंह, सचिव बी पी पी सिन्हा, सचिव अजय कुमार सिंह, मेडिकल टीम से दीपक कुमार, मनीष ओझा, समीर कुमार भीम कुमार अहम योगदान था।

# सामाजिक संस्था केयर फॉर सोसाइटी ने जरूरतमंदों के साथ मनायी दिवाली



आजाद सिपाही संवाददाता

**राजगंज।** दीपावली का पर्व खुशियों और रोशनी का प्रतीक है, और इस संदेश को सार्थक करते हुए सामाजिक संस्था केयर फॉर सोसाइटी ने रविवार को सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों गंगापुर, गरीबडीह और राजा बांस पहाड़ में जाकर जरूरतमंद महिलाओं और बच्चों के साथ दीपावली मनायी। संस्था के सदस्यों ने ग्रामीणों के बीच पटाखे, दीये, मोमबत्तियां, मिठाई और अन्य सामग्री वितरित की। सभी ने मिलकर उत्साहपूर्वक दीप जलाये और बच्चों संग खुशी के पल साझा किये। कार्यक्रम का नेतृत्व संस्था के अध्यक्ष आकाश कुमार हरि ने किया। उन्होंने इस पहल को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी दानदाताओं का आभार जताया। इस दौरान राजगंज मुखिया बंदना बारूई और विकाश द्विवेदी का विशेष योगदान रहा। आकाश कुमार हरि ने कहा कि दानदाताओं के सहयोग के बिना यह नेक कार्य संभव नहीं था। हमारा उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक त्योहार की खुशियां पहुंचाना है।

मौके पर संस्था के संस्थापक आलोक गौतम, संरक्षक अमित शर्मा, अध्यक्ष आकाश कुमार, अंशु अग्रवाल, आदित्य, विकाश द्विवेदी, राजीव यादव, रंजीत कुमार सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे।

# न्यायाधीश ने किया धनबाद जेल का निरीक्षण




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष डालसा वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश बीकेश ने रविवार को लीगल एड डिफेंस काउंसिल टीम के साथ मंडलकारा धनबाद का निरीक्षण किया। इस बाबत जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह सचिव डालसा मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि रविवार को न्यायाधीश ने मंडल कारा धनबाद का औचक निरीक्षण किया। निरक्षण के दौरान टीम ने वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम महिला वार्ड अस्पताल वार्ड चिकित्सा व्यवस्था खान पान की व्यवस्था का मुआयना किया तथा अन्य कई समुचित व्यवस्था करने का निर्देश जेल प्रशासन को दिया। न्यायाधीश के नेतृत्व में टीम ने कारागार के हर एक हिस्से का मुआयना किया। न्यायाधीश के नेतृत्व में टीम ने बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन और मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा न होने की जानकारी ली।

न्यायाधीश ने चिकित्सा सुविधाओं, पुस्तकालय, रसोई घर, वहां तैयार हो रहे भोजन, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र और ध्यान-सह-योग केंद्र में सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने सभी बंदियों से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं के बारे में पूछा। न्यायाधीश ने बंदियों को जेल मैनुअल के तहत मिलने वाली सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आदेश जेल प्रशासन को दिया।

इस मौके पर जेल डॉक्टर राजीव कुमार सिंह, एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, सहायक कांउसिल, शैलेन्द्र झा,सुमन पाठक, नीरज गोयल, कन्हैया लाल ठाकुर, स्वाति कुमारी, मुस्कान चोपडा सिविल कोर्ट के सहायक अरुण कुमार, समेत जेल के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बोकारो में स्वर्णकारों का सबसे बड़ा गांव है मधुकरपुर

दीपक कुमार



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो जिला में स्वर्णकारों की सर्वाधिक आबादी वाला एकमात्र गांव है मधुकरपुर। कसमार प्रखंड स्थित यह गांव स्वर्ण व्यवसाय के लिए काफी प्रसिद्ध है। यहां के स्वर्णकारों ने अपने व्यवसाय का विस्तार प्रदेश की सीमा से बाहर जाकर ओडिशा और महाराष्ट्र तक किया है। इस गांव में स्वर्णकारों के लगभग 200 परिवार बसे हुए हैं। इनमें 85 फीसदी परिवार स्वर्ण व्यवसाय से जुड़े हैं। बाकी 15 फीसदी परिवार कृषि अथवा अन्य व्यवसाय पर निर्भर हैं। स्वर्ण व्यवसाय से जुड़े पचासी फीसदी परिवारों के पास भी काफी मात्रा में खेत हैं। मधुकरपुर में स्वर्ण व्यवसाय का इतिहास आजादी से पहले का है। गांव के बुजुर्गों की माने तो 1930-40 के दशक में यहां स्वर्ण व्यवसाय शुरू करने वालों में हरिदयाल स्वर्णकार, रामदास स्वर्णकार, गरीब स्वर्णकार एवं दीनदयाल स्वर्णकार पहली पीढ़ी के थे। दूसरी पीढ़ी में मोती स्वर्णकार, जितेंद्र स्वर्णकार एवं रेशम स्वर्णकार का नाम आता है। कालांतर में उनके ही वंशजों के रूप में स्वर्णकारों का परिवार बढ़ता गया। उसी अनुपात में स्वर्ण व्यवसाय भी यहां फला-फूला एवं विस्तारित हुआ। इनके बनाए आभूषणों की बाजार में काफी मांग है। हर तरह के आकर्षण आभूषण बनाने में यहां के स्वर्णकार काफी कुशल हैं। यही कारण है कि इनके व्यवसाय को मधुकरपुर से बाहर भी दूरदराज इलाकों में पहचान एवं सफलता मिली।

ग्रामीण बताते हैं कि व्यवसाय के लिए गांव से बाहर जाने वालों में पहला नाम महादेव स्वर्णकार और सहदेव स्वर्णकार (दोनों भाई) का लिया जा सकता है। महादेव ने करीब 55 साल पहले गोमियां एवं सहदेव ने रांची के लुलघुटवा में अपने स्वर्ण व्यवसाय को स्थापित किया। हालांकि, गोपी स्वर्णकार उनसे भी भी कुछ वर्ष पहले गांव से निकले और प्रारंभिक समय में जहां-तहां घूम-घूमकर कर व्यवसाय किया। फिर करीब 50 साल पहले पेटरवार में स्थापित हुए। अनिल स्वर्णकार ने महाराष्ट्र तथा जनार्दन स्वर्णकार और पंचम स्वर्णकार ने उड़ीसा में इस व्यवसाय को आगे बढ़ाया। इसी तरह कुलदीप, राजकुमार, अनिल एवं धीरज स्वर्णकार ने रांची, सुबोध, सुनील और राजकुमार ने जमशेदपुर एवं संतोष स्वर्णकार और आदित्य स्वर्णकार ने पतरातु, कैलाश, राजेंद्र, दीपक, और जयवीर स्वर्णकार ने जैनामोड़, देवदीप स्वर्णकार,शंकर स्वर्णकार ने पेटरवार में व्यवसाय को बढ़ाया।

## सरकारी उपेक्षा से निराश हैं स्वर्ण व्यवसायी

मधुकरपुर गांव के स्वर्ण व्यवसायी सरकारी उपेक्षा और बैंकिंग उदासीनता से निराश हैं। उनका कहना है कि सरकार की ओर से स्वर्ण व्यवसाय के विकास के लिए अब तक किसी भी तरह की ठोस पहल नहीं की गई। कारीगरों के अनुसार यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें समय-समय पर पूंजी की आवश्यकता पड़ती है। यदि बैंक ईमानदारी से सहयोग करें तो मधुपुर झारखंड ही नहीं पूरे पूर्वी भारत में स्वर्ण व्यवसाय का प्रमुख केंद्र बन सकता है। परंतु, स्थानीय व्यवसायियों को बैंक से हमेशा निराशा ही हाथ लगी है। स्वर्ण व्यवसायी सह समाजसेवी संजय स्वर्णकार बताते हैं कि करीब 8 वर्ष पहले जब मधुकरपुर में एसबीआई की शाखा खुली थी तब उम्मीद जगी थी कि बिजनेस में पूंजी की समस्याएं दूर होगी, लेकिन बैंक से कोई सार्थक मदद नहीं दी गयी। संजय स्वर्णकार के अनुसार बैंकों की उदासीनता के कारण कई व्यवसायियों व कारीगरों को अपने पुश्तैनी पेशे से हटकर अन्य शहरों की ओर पलायन करना पड़ा। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि सरकार और बैंक मिलकर ठोस योजना बनायें तो मधुकरपुर न केवल स्वर्ण शिल्पकला का केंद्र बन सकता है, बल्कि सैकड़ो युवाओं को रोजगार का अवसर भी मिल सकता है।

# एसडीएम स्कूल के बच्चों ने बुजुर्गों के साथ मनायी दीपावली




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** शनिवार को एसडीएम स्कूल के प्राचार्य एके त्रिपाठी स्कूल के सभी शिक्षक व बच्चों ने सबलपुर के सहयोगी नगर स्थित वृद्धजनों के आश्रम ओल्ड एज होम के बुजुर्गो के साथ दिवाली धूमधाम से मनाया। बच्चों ने सभी बुजुर्गों को मिठाई खिलाकर आश्रम में अनार, फूलझड़ी और दिया जलाया। रंगोली बनाएं और बुजुर्गों संग नृत्य किया। विद्यालय की ओर से राशन भी आश्रम को भेंट किया गया। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने बच्चों से कहा सेवा को धर्म मानकर जीवन में आगे बढ़े। आश्रम के अध्यक्ष ने एसडीएम स्कूल के प्राचार्य एके त्रिपाठी को इस सहयोग के लिए स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। स्कूल के प्राचार्य ने आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी को उनके सेवाकार्य की सराहना करते हुए कहा यदि हर घर मे एक नौशाद गद्दी बनेगा तो कोई मां बाप बेघर नहीं होंगे। मौके पर स्कूल के प्राचार्य ए के त्रिपाठी, अनिता कुमारी, रवि कुमार यश वर्धन, हर्ष वर्धन रुद्र, जय, अभिषेक, नेहा आदि उपस्थित थे। आश्रम के अध्यक्ष मो नौसाद गद्दी, सचिव डॉ डी शरण, उपाध्यक्ष ओमकार मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष बी सुधीर, कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र यादव, केयर टेकर बाबूजान सोरण ने एसडीम स्कूल के प्राचार्य एके त्रिपाठी समेत स्कूल के सभी शिक्षकों को बच्चों को आश्रम भ्रमण कराने के लिए धन्यवाद दिया।

# छात्र-जीवन से ही बच्चों में जिम्मेदारी का बोध आवश्यक : डॉ गंगवार

**डीपीएस के विद्यार्थियों ने दीपांश के बच्चों संग बांटी दिवाली की खुशियां**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बोकारो।** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को सामाजिकता से जोड़े रखने के प्रयासों की कड़ी में डीपीएस बोकारो में सप्ताहव्यापी जॉय आफ गिविंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके कार्यक्रम के तहत बच्चों को सामाजिक सरोकार के साथ-साथ आर्थिक व सामाजिक भेदभाव दूर करने का भी पाठ सिखाया गया। डीपीएस बोकारो द्वारा समाज के अभिवंचित वर्ग के बच्चों के शिक्षार्थ संचालित दीपांश शिक्षा केंद्र के विद्यार्थी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। समापन शनिवार को दिवाली की खुशियां बांटने के साथ हुआ। इस अवसर पर डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जागृत करना जरूरी है, जिस दिशा में ऐसे आयोजन काफी महत्वपूर्ण हैं। ऐसी गतिविधियां आपसी जुड़ाव और सकारात्मकता को बढ़ाने का सुंदर माध्यम हैं। छात्र-जीवन से ही उनमें जब अपनी जिम्मेदारियों के प्रति बोध होगा, तो वे आगे चलकर एक जिम्मेदार नागरिक तथा अच्छा इंसान बन सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान सीनियर व प्राइमरी, दोनों ही इकाइयों में बच्चों ने दीपांश के छात्र-छात्राओं का खुले दिल से स्वागत किया। उन्होंने एक-दूसरे के साथ अपनी खुशियों के पल साझा किए। साथ वॉलीबॉल व बास्केटबॉल और बैडमिंटन खेले, अंताक्षरी खेली, पेंटिंग बनायी और टिफिन भी साझा की। उन्होंने साथ मिलकर गीत-संगीत, नृत्य, अभिनय एवं अन्य कलात्मक कार्यक्रमों से समां बांध दिया। इन गतिविधियों के माध्यम से, छात्रों ने कृतज्ञता, छोटे कार्यों के बड़े प्रभाव का महत्व, साथ ही सम्मान और समानता जैसे महत्वपूर्ण मूल्यों को सीखा। इस मौके पर डीपीएस के बच्चों ने दीपांश के विद्यार्थियों को उपहार भेंट किये, जिसने उनकी दिवाली को खास बना दिया। दीपावली के अवसर पर दोनों ही इकाइयों में आकर्षक कलाकृतियों से विद्यालय की साज-सज्जा अनूठी बनी रही। सीनियर इकाई में दीये की अनुकृति का सेल्फी प्वाइंट तथा प्राइमरी में कलात्मक सजावट ने विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी खूब रिझाया।

# 'एक दीया शहीदों के नाम' कार्यक्रम में 1001 दीये जलाये

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद, बोकारो के तत्वावधान में देश के वीर शहीदों के सम्मान में रविवार को 'एक दीया शहीदों के नाम' कार्यक्रम आयोजित किया गया। दीपावली की पूर्व संध्या पर शहीदों को शत शत नमन एवं श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनकी याद में श्री अय्यप्पा मंदिर प्रांगण में 1001 दीये रौशन किये गये। तिरंगा परिधान में स्कूली बच्चों की उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ गये। सभी लोगों ने मिलकर शहीदों के सम्मान में नारा बुलंद किया। कार्यक्रम भारत माता की जय, बंदे मातरम एवं भारतीय सेना अमर रहे के नारों से आरंभ हुआ। इसके पश्चात मंदिर की आरती ने भी मानो हुतात्माओं को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।



इस कार्यक्रम में परिषद से जुड़े लोगों के अतिरिक्त नगर के गणमान्य नागरिकों ने भी शिरकत की। जिनमें विश्व हिदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सेवा भारती, संकल्प सृजन, भाजपा, एवं अन्य संगठनों से उपास्थिति रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से परिषद के पूर्व प्रान्तीय उपाध्यक्ष दिनेश्वर सिंह, पूर्व प्रान्तीय सचिव राकेश मिश्र, जिला अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, राजहंस, मनोज कुमार, शशि भूषण जी, संजीव कुमार, राजीव, अमित कुमार, नीरज तिवारी, परमहंस, अभिषेक देव प्रकाश, विनय कुमार, प्रदीप कुमार, रंजय कुमार, सीमा सिंह, अर्चना शर्मा, विनोद कुमार, दीपक कुमार, अशोक कुमार वर्मा, योगेंद्र कुमार, नागेंद्र पुरी रेशमा कुमारी, ईशा, अंशिका आदि ने भाग लिया। वक्ताओं ने कहा कि सैनिकों या पूर्व सैनिकों की याद देशवासियों एवं नगरवासियों को, यदा कदा कुछ घटनाओं के बीच ही आती है। अतएव पूर्व सैनिकों का यह दायित्व बन जाता है कि अपने शहीद सैनिकों के सम्मान में एक दीया जरूर जलाएं।

# MEENA GENERAL HOSPITAL

**(A Unit of Meena Hospital Pvt.Ltd.)**

**Ghujadih, G.T.Road, P.S.-Dumri, Giridih, Jharkhand,**
**8969984705/7485807755/56/57/58/59**




## Specialties:

- Anesthesiology.
- Critical Care.
- Dental.
- Internal Medicine.
- Lab & Radiology.
- Obstetrics & Gynecology
- Ophthalmology
- Pediatrics & Neonatology.
- Urology.
- General Surgery.
- Orthopedics & Trauma.
- Physiotherapy.

## FACILITIES:

- 100 bedded multispecialty hospital with ten bedded ICU, two Bedded NICU, A/C rooms Non A/C rooms and General Ward.
- ICU with multipara monitors, infusion pump on each bed, incorporated with Defibrillator and ventilator with all new modes of CPAP & BIPAP and specially suited for poisoning & critically ill patients.
- Centralized Oxygen supply, Central Suction & Compressed Air to each bed.
- Fracture Clinic, Physiotherapy & Rehabilitation Deptt.
- X-ray, ECG/ECHO, USG, with Colour Doppler.
- Child health Clinic
- Well equipped Pathological lab with facilities for all routine and special investigation.
- 24 hrs. Indoors and outdoors Pharmacy.
- 24 hrs. Ambulance Services.
- USG Facility Available
- 24 hrs. LAB Facility.


OPERATION THEATRE


AUTO CLAVE


C-ARM


PORTABLE VENTILATOR


LABOUR ROOM


N.I.C.U


I.C.U


ANAESTHESIA WORK


DEFIBRILLATOR STATION


SUCTION MACHINE


CENTRALISED OXYGEN/VACUM


GENERAL SURGERY


CASUALTY


GENERAL WARD


LAB


X-RAY



REGISTRATION COUNTER


CANTEEN


DRINKING WATER



AMBULANCE


ECHO/USG


PHARMACY


LAPAROSCOPY SURGERY


OXYGEN BANK


DG 125 X 2 KV

**Contact Us:**
**Meena General Hospital**
(A unit of Meena Hospital Pvt. Ltd.)
AT: NH2,GT ROAD,Ghujadih, Dumri, Dist- Giridih-825106
Call US ON- 9123104059/8969984705/9471369786
Help line no. +917992449937
MAIL US AT- mgh.dumri@yahoo.com


आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातु, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**